तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025

13 आधा दर्जन स्थानों पर पथकर विक्रेताओं के लिए वेंडिंग जोन



14 चंगोराभाठा के लोगों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव-प्रदर्शन



# रविवि को पसंद नहीं 'बी ग्रेड', दो वर्ष के भीतर ही नैक को न्योता, ऐसा पहली बार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अपने नैक ग्रेडिंग से खुश नहीं है। यही वजह है कि अब विश्वविद्यालय द्वारा दोबारा नैक ग्रेडिंग के लिए अर्जी लगाई जा रही है। विवि को नैक की टीम ने दो वर्ष पूर्व 2023 में बी डबल प्लस ग्रेड प्रदान किया था। इससे नाखुश रविवि फिर से नैक टीम को आमंत्रित कर रहा है। नियमानुसार, नैक ग्रेडिंग से संतुष्ट नहीं होने पर शैक्षणिक संस्थान निर्धारित अवधि में पुनः ग्रेडिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन स्वीकार होने की स्थिति में नैक टीम पुनः ग्रेडिंग के लिए आती है और संस्थान को नवीन ग्रेड प्रदान करती है। किसी प्रकार की उन्नति दिखाई नहीं देने पर पुरानी ग्रेडिंग भी यथावत रखी जा सकती है।

राज्य बनने के बाद प्रदेश में यह पहला मौका है जब किसी विश्वविद्यालय द्वारा नैक ग्रेडिंग से असंतुष्टि जताते हुए नई ग्रेडिंग के लिए कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि नैक ग्रेडिंग का असर शासकीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले अनुदान सहित कई सुविधाओं पर पड़ता है। यही कारण है कि विवि ग्रेडिंग सुधारने एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है।

## जून 2023 में मिली ग्रेडिंग में 'ए' से ' बी डबल प्लस' पर आ गया था रविवि

### पहली बार मिली थी ए ग्रेडिंग

गौरतलब है कि रविवि को 2019 में पहली बार ए ग्रेड मिला था। रविवि द्वारा इसे बनाए रखने की अपने स्तर पर तमाम प्रयास हुए, लेकिन विवि प्रबंधन इसमें सफल नहीं हो सका। ए ग्रेड से पुनः बी ग्रेड में संस्थान आ गया। अब पुरानी ग्रेडिंग वापस पाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा यत्न किए जा रहे हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, रविवि ने उन बिंदुओं पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है, जिसके चलते उसके अंक कटे थे।



### छात्रों की सुविधा पर जताया था रोष

नैक टीम ने अपने दौरे के दौरान छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर रोष जताया था। हॉस्टल में मिलने वाले खाने की गुणवत्ता सहित रविवि के खराब प्लेसमेंट रिकॉर्ड को लेकर भी टीम ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। इसके अलावा अध्ययशाला में प्राध्यापक और छात्र अनुपात भी माइनस प्वाइंट में शामिल थे। रविवि ने बंद पड़ी कैंटीन को कुछ दिनों के लिए नैक टीम विजिट के दौरान खोला था। रविवि द्वारा फिलहाल इन पर कार्य करते हुए अध्ययनशाला में प्राध्यापकों की भर्ती की जा रही है। इसके अलावा कैंटीन का भी ठेका जयपुर के होटल को देते हुए स्थायी रूप से खोल दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### बादलों ने दिलाई गर्मी से राहत, बीजापुर में 26 मिमी. वर्षा, माना में बूंदाबांदी

**रायपुर।** बदले मौसम की वजह से छाए बादलों ने गर्मी से राहत दिलाई है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के तमाम प्रमुख शहरों का पारा सामान्य से नीचे चला गया। पिछले चौबीस घंटे में बीजापुर में ढाई सेमी. तक बारिश हुई। वहीं माना में दोपहर बूंदाबांदी हुई। मौसम में बदलाव का असर अगले दो दिन रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में पश्चिम दिशा की ओर स्थित है। चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल और उसके आसपास मौजूद है। यहां से एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश तक छत्तीसगढ़ होते विस्तारित है। इसके अलावा एक चक्रवाती घेरा दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है। विभिन्न मौसमी तंत्रिकाओं की वजह से पिछले चौबीस घंटे में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही बीजापुर में 26, कोंडागांव में ▶▶|शेष पेज 13 पर

## चोर चोरी करने के बाद रस्सी से आराम से नीचे उतरकर अपने साथियों के साथ भागा

# शिवम से फिल्मी स्टाइल में 30 लाख उड़ाने वाला सीसीटीवी में कैद, दो से तीन बदमाश थे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

फिल्मी अंदाज में कपड़े के शोरूम से 30 लाख रुपए चोरी की घटना में पुलिस अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। घटना स्थल के पास से पुलिस को चोरों के महत्वपूर्ण सीसीटीवी फूटेज मिले हैं। फूटेज के आधार पर पुलिस को शक है कि चोरी में दो से तीन बदमाश शामिल रहे हैं।

पंडरी मेन रोड स्थित कपड़े का शोरूम श्री शिवम में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात चोरी की घटना हुई थी। चोरी करने पहुंचा शख्स अपनी पहचान छिपाने बुरका पहने था और महिला की आवाज में बात कर रहा था। रात करीब साढ़े दस बजे युवक वाशरूम जाने के बहाने शोरूम में छिप गया। शोरूम बंद होने के ▶▶|शेष पेज 13 पर


श्री शिवम शोरूम से फिल्मी स्टाइल में 28 लाख की चोरी

प्लानिंग कर चोरी की वारदात



### 60 फीट से ज्यादा ऊंचाई से उतरा

युवक शोरूम के चौथे माले से रस्सी के सहारे नीचे उतरा है। ऊंचाई के आधार पर पुलिस ने अनुमान लगाया है कि शोरूम में चोरी करने घुसा युवक 60 फीट से ज्यादा ऊंचाई से नीचे उतरा है। पुलिस को जो सीसीटीवी फूटेज मिला है, उसके ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रात डेढ़ बजे भागने का मिला फूटेज

पुलिस को चोर के रस्सी से नीचे उतरने का रात डेढ़ बजे के करीब भागने का फूटेज मिला है। जहां शोरूम है, उसके आसपास कई अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान होने के साथ बार है। इस वजह से उस क्षेत्र में देर रात तक लोगों की आवाजाही होती रहती है। इस वजह से चोर सभी स्थिति को ध्यान में रखते हुए घटना को अंजाम देने पहुंचे थे।

### एक काउंटर में रखा कैश सुरक्षित

श्री शिवम के संचालक ने थाने में जो रिपोर्ट दर्ज कराई है, उसके मुताबिक रात 11 बजे शोरूम बंद किया गया है। सुबह 10 बजे सफाई कर्मी ने ऊपर लगे दरवाजे का कुंडा टूटा देख कर इसकी जानकारी शोरूम मैनेजर को दी। मैनेजर ने चेक किया, तो पाया कि चोर ने मुख्य कैश काउंटर से कैश चोरी किया है। एक अन्य कैश काउंटर में 10 लाख रुपए सही सलामत मिले। शोरूम में अन्य सामान व्यवस्थित था, केवल एक काउंटर के रुपए चोर ले गए।

### रात 11 के बाद सीसीटीवी बंद

*चोरी की घटना के बाद पुलिस शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी की पड़ताल करने पहुंची, तो शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी रात 11 के बाद बंद मिले। इस संबंध में शोरूम संचालक का कहना है कि शार्ट सर्किट होने के डर से शोरूम के सभी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोरूम बंद होने के बाद बंद कर देते हैं। घटना स्थल के पास का एक सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें एक संदिग्ध मुंह में मास्क बांधे दिख रहा है।*

### मौके पर मिला कॉलर, टेलर का नाम लिखी शर्ट

*पुलिस को घटना स्थल के पास क्रीम कलर की एक शर्ट मिली है। शर्ट के कॉलर में किसी विमल के नाम का स्टिकर लगा है। स्टिकर में मोबाइल नंबर लिखा है। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस टेलर के बारे में जानकारी जुटा रही है। रस्सी से उतरने वाला युवक दीवार के सहारे रस्सी से उतरा है। रस्सी शोरूम के पीछे की तरफ दीवार से सटकर लगी हुई है।*

# तेज रफ्तार स्कूटी डिवाइडर के एंगल से टकराई, किशोरी का सिर धड़ से अलग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक किशोरी का सिर धड़ से अलग हो गया। किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी सवार दो किशोरियों को मामूली चोटें आई हैं। घटना बुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे संतोषी नगर से कमल विहार जाने वाले मार्ग पर हुई है। स्कूटी चला रही युवती रफ्तार पर लगाम नहीं लगा पाई और स्कूटी डिवाइडर से जा टकराई। डिवाइडर से स्कूटी टकराने के बाद डिवाइडर में लगे एंगल में किशोरी का सिर फंस गया और कटकर फुटबाल की तरह उछल गया और सड़क के दूसरे छोर पर फेंका गया। चौरसिया कालोनी ▶▶|शेष पेज 13 पर

- स्कूटी में तीन लड़कियां सवार थीं, कमल विहार की तरफ सैर करने निकली थीं

### साथी की हालत देख बदहवाश हुई सहेलियां

घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत तथा बचाव कार्य करने के साथ पुलिस तथा डॉयल-108 को घटना की जानकारी दी। आलिया के साथ गई लड़कियां अपनी सहेली का कटा सिर देख बदहवास हो गईं। मौके पर उपस्थित लोगों ने आलिया की दोनों सहेलियों को घटना स्थल से दूर ले जाकर पानी पिलाने के साथ उन्हें सांत्वना देते रहे। मौके पर पहुंची पुलिस को घायल लड़कियों ने आलिया के परिजनों के बारे में किसी तरह जानकारी दी। आलिया के साथ गई लड़कियां घटना के बाद बुरी तरह से डरी हुई थीं।






## खबर संक्षेप



### 100 खल्लारी मंदिर लखोली में ज्योति कलश स्थापित

**आरंग।** माई की बगिया डुमरइहा तालाब ग्राम लखोली के मा खल्लारी मन्दिर में इस बार नवरात्र में 100 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया गया है।

### चंडी मंदिर रींवा में नवरात्रि पर ज्योति कलश स्थापित



**आरंग।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर चंडी मन्दिर ग्राम रीवा में विभिन श्रद्धालुओ द्वारा 20 घृत व 468 तेल ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है।

### एक किलो गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राम कुंदरू जलसो की ओर जा रहा है, सूचना पर नेवरा पुलिस मौके पर पहुँचकर घेराबंदी कर मुखबिर के बताये हुलिये के व्यक्ति को पकडा गया। जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम पन्ना लाल पारधी पिता बारे लाल पारधी उम्र 40 वर्ष ग्राम जलसो का रहने वाला बताया। जिसके पास रखे प्लास्टिक थैले की तलाशी लेने पर थैले के अंदर एक सफेद पॉलिथीन में मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 200 ग्राम बरामद हुआ। आरोपी के विरूद्ध नेवरा पुलिस ने धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय रवाना किया गया।

### नयी शराब दुकान खोलने के सरकार के फैसले का कांग्रेस ने किया विरोध

**आरंग।** छत्तीसगढ़ में हाल ही में 67 नई शराब दुकानों के खोलने के सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। जिला



कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के महामंत्री व सामाजिक प्यारे लाल साहू ने भाजपा सरकार द्वारा नई शराब दुकान खोलने के फैसले का विरोध करते हुए भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में यही भाजपा शराबबंदी का ढिंढोरा पिटते नही थकती थी आज वही बीजेपी सरकार में है जब शराब बंदी करना उसके हाथ में है तब शराब बंदी के बजाय गांव-गांव में शराब भट्टी खोलकर शराब से पूरे प्रदेश को शारोबार करने जा रही है है। श्री साहू ने कहा कि जब से छत्तिसगढ में भाजपा की सरकार आयी है तब से अपराध का ग्राफ में काफी बढ़ोतरी हुई है। नई शराब दुकानें खुलने से यह स्थिति और बिगड़ सकती है। साहू ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा मनमाने तरिके से गांव-गांव में शराब दुकान खोलकर कहीं छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रिय प्रदेश को को उत्तर प्रदेश जैसे अशांत प्रदेश में बदलने की साजिश तो नहीं कर रही है। उन्होंने फैसले वापस नही लेती तो कांग्रेस पार्टी उग्र प्रदर्शन करने बाध्य होगी।

### परसकोल मे आज मां कर्मा जयंती मनाएंगे

**आरंग।** ग्राम परसकोल मे 03 अप्रैल को माँ कर्मा जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसमे मुख्य अतिथि देवनाथ साहू जिला अध्यक्छ साहू संघ रायपुर ग्रामीण शामिल होंगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्छता महेश साहू अध्यक्छ भानसोज परिछेत्र करेंगे। कार्यक्रम मे कलश यात्रा सुबह 10 बजे निकलेगी व अतिथि आगमन दोपहर 01 बजे से होगा।

# डाक्टरों के इस्तीफे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग की व्यवस्था बिगड़ी व मरीज हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगातार डॉक्टर्स इस्तीफा देकर नौकरी छोड़-छोड़कर जा रहे है। पिछले 4-5 माह मे 3 डॉक्टर्स स्तीफा देकर जा चुके। पहले डॉ देवेंद्र श्रीवास्तव मेडिकल ऑफिसर ने उच्च अध्ययन का कारण बताकर इस्तीफा दे दिया।

उसके एक महीने बाद डॉ विजय कुमार ढेमरा स्त्री रोग विशेषज्ञ सर्जन ने उच्च अध्ययन कारण बताकर इस्तीफा दे दिया। जबकि जानकारी मिला है रायपुर निजी हॉस्पिटल मे ये दोनों डॉक्टरो ने नौकरी ज्वाइन कर लिया है। डॉ ढेमरा के छोड़कर जाने से सिजेरियन डिलीवरी व अन्य ऑपरेशन बंद हो गए, मरीजों को रायपुर रिफर किया जाता है। मरीज मोटी रकम देकर प्राइवेट अस्पतालो मे ईलाज कराने को मजबूर हो गए है और अब इसी माह शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ हरीश बाघ ने भी निजी कारण बताकर स्तीफा दे दिया।

वही आरंग के ही एक निजी क्लिनिक मे अपनी सेवाएं दे रहे है, अब छोटे बच्चों के ईलाज के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल मे जाने को मजबूर होना पड़ेगा, लगातार 3 डॉक्टरो के नौकरी छोड़ कर जाने से अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बता दे की आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पहले ही डॉक्टरो भारी कमी थीं, कुल 8 डॉक्टर्स की पद स्वीकृत है जिसमे मात्र 2 डॉक्टर्स अभी वर्तमान मे कार्यरत है।

**चार-पांच माह में तीन डाक्टरों ने दिया इस्तीफा, प्रशासन की ओर से डाक्टरों की पोस्टिंग की अभी तक पहल नहीं की गई**

### अभद्रता को लेकर डाक्टर विवाद में




शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अनुज गौतम नौकरी ज्वाइन करने के बाद से ही रायपुर जिला अस्पताल मे अपना अटैच करवा लिया है। लगातार 3 डॉक्टर्स की स्थिफ़ा देकर नौकरी छोड़ना प्रशासनिक विफलता मालूम पड़ता है, डॉक्टर्स को अच्छा मौहोल दे पाने मे स्वास्थ्य विभाग विफल रही है। विशेष सूत्रों से पता चला है की इसमें पीछे बीएमओ और डॉक्टर्स के बीच आपसी मनमुटाव एवं सामंजस्य की कमी भी एक कारण माना जाता है। डॉ विजय लक्ष्मी अनंत को जब से खंड चिकित्सा अधिकारी आरंग का प्रभार मिला है वे विवादो मे बनी हुई है। उनके कार्यव्यहार व कड़क स्वभाव के कारण अधिकारी एवं कर्मचारीयों मे नाराजगी देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों स्टॉफ नर्सो ने बीएमओ के खिलाफ मानसिक प्रताड़ना व दुर्व्यवहार का गंभीर आरोप लगाया था और सीएमएचओ रायपुर से शिकायत किये थे। क्षेत्रवासी डॉ के.एस. रॉय के कार्यकाल को याद करते है जब वे खंड चिकित्सा अधिकारी हुआ करते थे, आरंग अस्पताल मे अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ मरीजों से भी उनका कुशल व्यवहार हुआ करता था। अब 3-3 डॉक्टरो का नौकरी छोड़कर जाना गंभीर मामला है व आरंग के क्षेत्रवासियों के लिए भारी नुकसान है। आरंग अस्पताल रेफरल सेंटर बन कर रह गया है, शासन प्रशासन एवं क्षेत्रीय विधायक को इसका संज्ञान लेकर डॉक्टरो की मांग कर खाली पड़े सभी पदो को भरा जाना चाहिए ताकि आरंग के मरीजों को मोटी रकम देकर प्राइवेट अस्पतालो मे ईलाज कराने के लिए मजबूर न होना पड़े।

कोलर, भरेगाभाठा, रवेली, उपरवारा, पिपरौद, जौदी, कठिया, टीला आदि गांवों में विरोध के स्वर मुखर

# प्रस्तावित नई शराब दुकानों का विरोध कांग्रेस ने दिया धरना और सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- रायपुर जिले में 18 दुकानें प्रस्तावित जिसमें अभनपुर विधानसभा में 8 दुकानें है शामिल





अभनपुर विधानसभा क्षेत्र मे प्रस्तावित नई शराब भट्टी खोलने के विरोध कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व मे ब्लॉक कॉलोनी मैदान मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम रवि को सौपा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रवीण साहू ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते कहा कि पूरे प्रदेश मे 67 नई शराब दुकान खुलने प्रस्तावित है रायपुर जिले मे 18 दुकाने जिसमे अभनपुर विधानसभा मे 8 दुकाने खोलने का प्रस्ताव है,शराब दुकान खुलने का सभी गांव मे भारी विरोध हो रहा है फिर भी ग्राम पंचायत के सरपंचो पर प्रशासन की ओर से अनैतिक दबाव डालकर एनओसी लेने का प्रयास किया जा रहा है इस संबंध मे भारतीय जनता पार्टी समर्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियो के मुंह मे ताला लगा हुआ है,सरकार के इस तुगलकी फरमान का विरोध नही कर पा रहे है, पुलिस रिकार्ड आंकलन अनुसार प्रशासन स्वयं मानती है की 90 फीसदी अपराध नशाखोरी की वजह से हो रहा है गांव गांव मे शराब दुकान खुलने से अपराध मे वृद्धि होना तय है ,सरलता से कोई भी नशा उपलब्ध होने पर उसकी संख्या बढ़ जाती है। प्रदेश सरकार युवाओ को जानबूझ कर नशे के जंजाल मे ले जाने का कार्य कर रही है ताकी आने वाली पीढ़ी अपने हक व अधिकार की लड़ाई न लड़ सके,सरकार की मंशा साफ जाहिर हो रही है,आज पूरा प्रदेश अपराध का गढ़ बन चुका है, दिनदहाड़े खुलेआम चाकूबाजी, हत्या, बलात्कार,डकैती हो रही है फिर भी सरकार इसे रोकने मे नाकाम है अभनपुर क्षेत्र मे प्रस्तावित नई दारू भट्टी के लिए कोलर,भरेगाभाठा,रवेली,उपरवारा,पिपरौद,जौदी,कठिया,टीला सभी गांव मे भट्टी खोलने का स्थानीय स्तर पर विरोध हो रहा है जिसके समर्थन मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनुर एवं नयापारा के तत्वाधान मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है फिर भी सरकार दबाव पूर्ण शराब दुकान खुलवाने का प्रयास करती है तो कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता शराब भट्टी के विरोध मे शामिल होगा।

### आंदोलन में शामिल हुए

इस मौके पर पूर्व जपं.अध्यक्ष देवनंदनी साहू,जिपं प्रतिनिधि लोकमणी कोसले,सालिकराम सोनकर,संजीव गिरी गोस्वामी,धनेश्वरी डांडे,सारिका साहू,पार्षद नीलकमल गिलहरे आदि लोगो ने सभा को संबोधित किये कार्यक्रम मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोलाराम सोनवानी,गिरधारी साहू, जिला उपाध्यक्ष डामन साहु,नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,पार्षद रानू राठी, डोमेन्द्र साहू ,वीरेन्द्र सिन्हा, हिम्मत सरदार,महिला मोर्चा अध्यक्ष निंबा निम्बेकर,सुनील कौशल,सुशील शर्मा, शशिप्रकाश साहू, सालिकराम सोनकर, जयवर्धन बघेल,महेश साहू,राकेश बघेल,गैदलाल साहू,नंदू साहू,महेन्द्र साहू,ताराचंद साहू,दिलीप बंजारे,रानू बंजारे,महेन्द्र निषाद,राजा जोसे,नीलकंठ साहू,संदीप दीवान,सुमित तंबोली, सहित जनपद सदस्य,सरपंच व ग्रामवासी धरना प्रदर्शन मे शामिल रहे।

# भावी पीढ़ी को भारत की संस्कृति से परिचित कराना होगा : डा. संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय आरंग मे अग्रसेन योगासन शाखा द्वारा रविवार को हिन्दू नववर्ष नई उमंग उत्साह के साथ मनाया गया। योगासन शाखा ने अपने प्रणायाम, ध्यान के बाद सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय से नगर के प्रमुख मार्गों में संघीय गीत के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भाईयों एवं नागरिकगण द्वारा नगर पथ संचालन किया गया और पुनः अग्रवाल पारा पर एकत्रित हुए। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप जैन नपाध्यक्ष, कमलनारायण देवांगन एवं वक्ता अशोक कुमार ठाकुर द्वारा भारत माता, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार एवं सदाशिव गोलवरकर के छाया चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एवं आरंग नगर के प्रथम नागरिक डॉ. संदीप जैन नपाध्यक्ष, कमलनारायण देवांगन का अग्रसेन योगासन शाखा की ओर से शाल देकर सम्मानित किया गया। डॉ. जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भावी पीढ़ी को भारत की संस्कृति से परिचित कराना होगा। हमें एक दूसरे को सहयोग, भाई चारा की भावना से राष्ट्र को मजबूत बनाना है। अशोक कुमार ठाकुर द्वारा हिन्दू नववर्ष भारत के विभिन्न प्रान्तों में जैसे आंध्र प्रदेश, कर्नाटक में युगादि पर्व, महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, सिंधी समाज चेटीचंड उत्सव एवं हिंदी भाषी राज्यों में हिन्दू नव वर्ष के बारे मे बताया गया। उन्होंने कहा की हमारा हिन्दू नववर्ष पूर्णिमा के समय चंद्रमा जिस ग्रह नक्षत्र में विद्यमान होता है उसके आधार पर माह निर्धारित होता है। समूह गीत मुरारी लोधी द्वारा, केशव अर्चना गीत संतोष शंख द्वारा, एकल गीत रूपेश जलक्षत्री एवं प्रार्थना कृष्णा केवट द्वारा किया गया।

इस अवसर पर आरंग नगर संघ चालक रामू मिर्धा, डॉ. तेजराम जलक्षत्री, बृजेश सोनी, बृजेश अग्रवाल, शंकर पाल, जी.यस.यादव, रविन्द्र अग्रवाल, अभिनेश अग्रवाल, शिव गुप्ता, खिलेश धुरंधर, अमिताभ अग्रवाल, बलराम साहू, गोपाल पाल, बिंध जी, सूरज साहू, रामकुमार कंसारी एवं आरंग शाखा के स्वयंसेवक बंधु उपस्थित थे।

# अरुंधती देवी विद्यालय को मिला पीएमश्री का दर्जा



**आरंग।** पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। नगर में पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय आरंग अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। विदित हो कि यह विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विशिष्ट पाठ्येत्तर गतिविधियों के लिए जाना जाता है, सन 1954 से संचालित यह विद्यालय केवल रायपुर जिले की ही नही बल्कि पूरे राज्य की एक प्राचीनतम संस्था है, इसे पीएम श्री स्कूल का दर्जा दिया जाना पूरे नगर के लिए गौरव की बात है। एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरन्धर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पीएम श्री योजना के तहत अरुंधती देवी स्कूल को शामिल किया जाना हर एक आरंगवासी के लिए सम्मान की बात है। एसएमडीसी सदस्य अनुपनाथ योगी ने भी पीएम श्री स्कूल की सौगात मिलने पर नगरवासियों को शुभकामनाएं दी है, सभी एसएमडीसी सदस्यों ने भी अपनी शुभकामनाएं दी है। प्राचार्य हरीश शर्मा ने पीएमश्री स्कूल से जुड़ी आशा एवं अपेक्षा के अनुरूप खरा उतरने की बात कही। इस अवसर पर उप प्राचार्य आकाश कुमार विश्वास (अंग्रेजी माध्यम), उप प्राचार्य लोकेश्वर साहू (हिंदी माध्यम) व्याख्यातागण पी मार्टिन, मनोज शर्मा, गौरव वर्मा, युवराज मिश्रा, गुंजा, अमिया केरकेट्टा, सरोज दानी, शिक्षकगण तृप्ति आदिल, कविता वर्मा, सोनिया श्रीधर, बी फ़ातिमा और श्रीकांत केसरी, भनेश्वर अग्रवाल आदि स्टॉफ उपस्थित रहे। जबकि शिवांगी साहू, पलक साहू, तनिष्का चन्द्राकर, रिद्धिमा शर्मा एवं शास्वत शर्मा आदि विद्यार्थीगण ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर अपना सक्रिय योगदान दिया।

# बहनाकाड़ी में पीएम आवास महागृह प्रवेश उत्सव मनाया



**आरंग।** रविवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे के निर्देशन में ग्राम बहनाकाडी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत महागृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस उत्सव को सेलिब्रेट किया गया तथा 3200 घरों में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में दीप जलाकर, रंगोली बनाकर, तोरण पताका आदि के माध्यम से पीएम आवास योजना में गृह प्रवेश का उत्सव मनाया गया।

ज्ञात हो कि पीएम आवास योजना के अंतर्गत दिसंबर 2023 से अब तक पूरे छत्तीसगढ़ में 3 लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण हो चुका है एवं 30 मार्च 2025 को हिंदू नव वर्ष के अवसर पर सामूहिक महा गृह प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ है। इस अवसर पर पीएम आवास योजना की सविस्तार जानकारी देते हुए आवास 2.0 के बारे में बताया गया। आवास हितग्राहियों को बधाई दी गई एवं नए स्वीकृत आवास ग्राम बहनाकाडी में 29 एवं अन्य ग्राम पंचायत की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि टाकेश्वरी मुरली साहू, जिला पंचायत सदस्य कविता हेमंत कश्यप, जनपद सदस्य चित्ररेखा नरेंद्र कुर्रे, बहनाकाडी सरपंच अशोक बंजारे, मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा एवं कार्यक्रम का संचालन पीएम आवास योजना प्रभारी छत्रधारी सोनकर तथा आभार प्रदर्शन एडिशनल सीईओ मारुति राव के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम में आवास हितग्राहियों के साथ ग्राम वासियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मंडी बोर्ड की सड़क दो वर्षों से अधूरी सकरी सहित कई ग्रामवासी हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

- वाहनों के गुजरते ही आस-पास का क्षेत्र हो जाता है धूलधूसरित

धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र बंजारे एवं कृषि उपज मंडी रायपुर के पूर्व मंडी अध्यक्ष नारायण कुर्रे क्षेत्रीय जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू कांग्रेस के सेक्टर प्रभारी अरुण लहरी ने बताया कि लगभग दो वर्ष से मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित सकरी से धनसूली मार्ग की अधूरे सड़क निर्माण कार्य मे लेटलतीफी से परेशान है। सकरी के नागरिकों का सब्र दिनों दिन आक्रोश में बदलते जा रहा है ग्राम सकरी के बीचोबीच यह रोड का निर्माण हो रहा है जो मंडी बोर्ड के ठेकेदार ने कई महीनो से कार्य को बंद कर रखा है गाँव के बीचों बीच सड़क पर स्कूल एवम पंचायत भवन है मंडी बोर्ड के ठेकेदार द्वारा बेस गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है जिससे भारी भरकम ट्रकों के आवाजाही से धूल गुब्बारे में नजर आ रहे हैं स्कूल में धूल पंचायत में धूल गांव में पूरा धूल मिट्टी ही नजर आ रहा है जिसको स्कूल के बच्चे दिन भर सफाई कर कर स्कूल परिसर को साफ रखने के लिए मशक्कत करना पड़ रहा है पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने बताया कि मण्डी बोर्ड की राशि से विधानसभा सकरी से धनसूली तक 4 करोड़ 40 लाख की लागत से डामर युक्त सिंगल रोड का निर्माण किया जा रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा बेस गिट्टी डालने के बाद निर्माण कार्य को करीब एक वर्ष से बंद कर रखा गया है मंडी बोर्ड द्वारा सकरी से धनसूली तक डामर रोड बनाने का टेंडर विधानसभा चुनाव के आचार संहिता लगने से पहले सितम्बर 2023 में टेंडर जारी हुआ था ठेकेदार को जुलाई 2024 तक निर्माण कार्य को पूरा करना था लेकिन निर्माण कार्य आधा अधूरा है।



### ठेकेदार को नोटिस जारी

कई बार ठेकेदार को नोटिस जारी हो चुका है साथ ही सड़क निर्माण में लेट लतीफी के कारण ठेकेदार को पेनल्टी भी लगाया गया है। धूल के लिए पानी टैंकर से सड़क में छिड़काव भी किया जाएगा।
मनोज झा, अनुविभागीय अधिकारी मंडी बोर्ड नया रायपुर

### पुनः टेंडर जारी करने की मांग करने की मांग

धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने ठेकेदार को समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के साथ ही कार्य को पूरा नहीं करने के कारण सड़क निर्माण की लागत राशि को वसूली करते हुए पुनः टेंडर जारी करने की मांग मंडी बोर्ड से किया गया। उक्त सड़क निर्माण के कार्य जल्द नहीं शुरू किया गया तो इस संबंध में सकरी के ग्राम वासियों को लेकर मंडी बोर्ड नया रायपुर का घेराव करने की चेतावनी दी है।

**अभनपुर में एनएफएसएम योजना में गड़बड़ी**

# शासन से प्राप्त बीज किसानों को बांटा नहीं बेंच दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर


फाइल फोटो

विकासखंड मे एनएफएसएम योजना अंतर्गत ग्राम चंपारण, टीला, तोरला, भुरका, गोरभट्टी ग्रामो के चयनित क्षेत्रो मे कृषको को चना बीज का वितरण कर 100 हेक्टेयर मे चना का उत्पादन कार्यक्रम लेना था लेकिन किसानो को चना बीज का वितरण नही कर शासन द्वारा प्राप्त बीज एवं कीटनाशक दवाईयो को बेच दिया गया। इस संबंध मे जानकारी मिलने पर एसडीएम रवि सिंह ने तहसीलदार नयापारा को निर्देशित कर खसरावार गिरदावरी रिपोर्ट जानकारी मंगाई गई थी जिसमे मात्र 2 हेक्टेयर मे चना बोनी होने की जानकारी प्राप्त हुई थी। एसडीएम अभनपुर ने इस संबंध मे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी क्षेत्र तोरला मिथलेश कुमार साहू एवं चंपारण,टीला क्षेत्र के विनय कुमार सिंह के विरूद्ध चना बीज की राशि वसूली एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर कलेक्टर रायपुर को भेजी गई है लेकिन कृषि विभाग के अधिकारी मामले को रफा दफा करने के लिए विगत 2 माह से प्रयासरत है किसानो को अलग अलग प्रलोभन देकर बीज प्राप्त करने का एक फार्मेट मे हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया गया जिससे यह बता सके कि किसान को बीज देने के बाद वह खेत मे चना बोया ही नही गया। इतने बड़े मामले मे कृषि विभाग के उच्चाधिकारियो के संज्ञान मे मामला आने के बाद भी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियो पर अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही नही की गई,राजधानी से लगे हुये क्षेत्र मे इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बाद भी कोई कार्यवाही न होना विभाग की उच्चाधिकारियो की संलिप्तता साफतौर पर जाहिर होती है,शासन द्वारा दलहन,तिलहन की फसलो के उत्पादन को बढ़ाना देने के उद्देश्य से किसानो को निशुल्क बीज का वितरण कर प्रोत्साहित करने की योजनाये चलाई जा रही है लेकिन कृषि विभाग के जिन व्यक्तियो के हाथो मे आर्थिक स्थिती सुधारने की जिम्मेदारी है वही अधिकारी कृषको के लिए सबसे बड़े बाधक साबित हो रहे है कागजो मे बीज एवं कीटनाशक दवाईयो का वितरण कर अपनी आर्थिक स्थिती सुदृढ़ कर रहे है। इतने बढ़े पैमाने पर शासन द्वारा किसानो को बीज दिया जाता है उनके जानकारी मे भी नही है तथा इस मामले का खुलासा होने पर किसानो मे भी आक्रोश व्याप्त है।

# शिशु मंदिर फरफौद में नववर्ष मनाया गया



**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर फरफौद मे रविवार को हिंदु नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री ब्रह्म देव शिक्षण समिति अध्यक्ष नेतराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष सोहन चंद्राकर, कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर, पुरातन छात्र नीरज चंद्राकर ने श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और नव दुर्गा के स्वरूप मे झाँकी के उपस्थित भैया-बहनो की पूजा अर्चना करके नववर्ष की शोभा यात्रा प्रारंभ किया। शोभा यात्रा श्री राम नगर, गाँधी नगर, महामाया पारा, गुड़ी पारा, स्कूल पारा भजन कीर्तन करते हुए नववर्ष की बधाई प्रेषित किया और आग्रह किया कि नव वर्ष का स्वागत फटाके फोड़ कर करे और नव रात्रि के प्रत्येक दिवस रंगोली सजाकर, दीप प्रज्ज्वलित कर अपनी मनोकामाना पूर्ण कीजिए और हिंदुत्व के परिचय दीजिये।

# पुराना ठेका खत्म, नया अब दो साल का होगा, अहाता के लिए मंगाए गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग की नई पॉलिसी के तहत शासकीय शराब दुकानों के पास खोले गए अहाता का ठेका 31 मार्च को खत्म हो गया है, जिसके बाद सभी अहाते भी बंद हो गए हैं। विभाग ने इस पॉलिसी में अब आंशिक संशोधन किया है। इसके तहत अब ठेका एक वर्ष के लिए नहीं, बल्कि दो वर्ष के लिए दिया जाएगा।

यानी एक अप्रैल 2025 से लेकर 31 मार्च 2027 तक के लिए अहाता ठेके पर दिया जाएगा। अहाता के लिए विभाग ने ऑनलाइन टेंडर भी जारी कर दिया है। इसके तहत 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। इस बार भी ठेका उसी को मिलेगा, जो आवेदन में अहाता के लिए सबसे ज्यादा बोली लगाएगा। हालांकि रायपुर जिले में पहली बार अहाता पाने के लिए लोगों ने बढ़-चढ़कर बोली लगाई थी, जिसके कारण प्रत्येक अहाता विभाग द्वारा निर्धारित की गई बोली से दोगुना से चारगुना अधिक कीमत पर गया था। इस कारण 51 ठेकेदारों को अहाता सरेंडर करने के कारण ब्लैक लिस्टेड भी किया गया है।



### रायपुर जिले में 61 में 29 अहातों को चला नहीं पाए ठेकेदार

रायपुर जिले में 61 अहाते ठेके पर दिए गए थे, जिनमें से 29 अहातों को ठेकेदार चला नहीं पाए। इनमें से कई ठेकेदार तो विभाग को सूचित किए बगैर अहाता बंद कर फरार हो थे, वहीं कई ठेकेदारों ने सूचना दी, पर सरेंडर करने के बाद अनुबंध के अनुसार लाइसेंस फीस जमा नहीं की। इस तरह नियमों का पालन नहीं करने वाले 51 ठेकेदारों को विभाग ने ब्लैक लिस्टेड किया है।

### 3 बार टेंडर, 94 लाख रुपए तक गया था ठेका

जिले में अहातों के लिए 3 बार टेंडर निकाले गए थे। ये अहाते एक मई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए दिए गए हैं। पहला टेंडर 56 अहाताओं के लिए निकाला गया था। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे, जिनमें एक अहाता को छोड़कर सभी अहातों का टेंडर खुला था। इन अहातों का ठेका बोली पद्धति से हुआ था। सबसे अधिक बोली वाले आवेदक को अहाता का ठेका दिया गया था। पहले टेंडर में लोगों ने भी बढ़-चढ़कर बोली लगाई थी, जिसके कारण अहाते भी 25 लाख रुपए से लेकर 94 लाख रुपए तक गए थे।

### 20 करोड़ रुपए राजस्व का था टारगेट, 11 करोड़ की हुई आय

अहाता पॉलिसी के तहत विभाग को ठेके पर दिए गए अहाता से 20 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होना था, लेकिन ठेकेदारों के सरेंडर करने और फीस जमा नहीं करने के कारण टारगेट भी अधूरा रह गया है। विभाग को अब तक अहाता से फीस के रूप में लगभग 10 करोड़ रुपए मिले हैं, जबकि लगभग पौने दो करोड़ रुपए बैंक गारंटी के रूप में जमा है। इस तरह कुल लगभग 12 करोड़ रुपए का राजस्व ही मिल पाया है, जो टारगेट से लगभग 8 करोड़ रुपए कम है। हालांकि यह आंकड़ा अनुमानित है, जो कम और ज्यादा भी हो सकता है।

### आठ करोड़ रुपए सरेंडर ठेकेदारों से होगी वसूली

अहाता सरेंडर होने के कारण विभाग को करीब 8 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। इस राशि की रिकवरी के लिए विभाग अब पॉलिसी के नियम के तहत ठेकेदारों से वसूली करेगा। पॉलिसी के नियम में धारा 31 का भी उल्लेख है। इस धारा के तहत अब विभाग सरेंडर करने वाले ठेकेदारों से अनुबंध के अनुसार जो राशि तय हुई थी, उसकी वसूली भू-राजस्व की भांति करेगा। यानी 8 करोड़ रुपए उन ठेकेदारों से की जाएगी, जो नियम का पालन नहीं कर अनुबंध तोड़कर अहाता बंद कर चुके हैं।

### दो साल का ठेका, 11 अप्रैल तक मंगाए गए आवेदन

पुराना ठेका 31 मार्च 2025 को खत्म हो गया। नया ठेका दो वर्ष के लिए दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन 11 अप्रैल तक मंगाए गए हैं। सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को ठेका मिलेगा।

- **रामकृष्ण मिश्रा**, उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

## खबर संक्षेप



### वक्फ संशोधन विधेयक पास होने से बढ़ेगा सौहार्द

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया पेनेलिस्ट विजय चोपड़ा ने वक्फ संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित होने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, वक्फ संशोधन विधेयक 2025 हिन्दू मुस्लिम समाज के मध्य भाईचारे व विश्वास को बढ़ाएगा। समाज की संपत्तियों पर पारदर्शिता आएगी व भूमाफिया तथा प्रभावशाली लोगों पर अंकुश लगेगा। भारत की गंगा जमुना तहज़ीब को बल मिलेगा।

### सचिवालय सेवा अफसरों के तबादले

**रायपुर।** सचिवालय सेवा के तीन अनुभाग अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। प्रगति जोशी को जेल विभाग से चिकित्सा शिक्षा विभाग, मेरीराज कुजूर को स्कूल शिक्षा विभाग से जेल विभाग, वंदना भारती को जल संसाधन विभाग से मुख्यमंत्री सचिवालय में स्थानांतरित किया गया है।

### सर्व तेली साहू समाज के लिए अब बनेगें भवन



**रायपुर।** अपनी कुल देवी भक्त माता कर्मा जंयती के अवसर पर सर्व तेली साहू समाज सड्डू कॉलोनी द्वारा गत दिनों धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सामाज के माता एवं बहन शामिल हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक मोतीलाल साहू और पार्षद साधना प्रमोद साहू को सर्व तेली समाज सड्डू कालोनी द्वारा समाज की विकास में आ रहे समस्याओं से अवगत कराया गया। इसके बाद विधायक श्री साहू ने शासकीय भूमि, सामाजिक भवन निर्माण कराने का भरोसा दिया। इसी दौरान सिद्धेश्वर महादेव में भजन मंडली सेक्टर 1 सड्डू कालोनी द्वारा भजन प्रस्तुति दी। इसके बाद कलश शोभायात्रा निकाली गई। अनंतराम साहू के विशेष सहयोग से कालोनी में निवासरत तेली परिवार के ऐसे बच्चे जिन्होंने पूर्व वर्ष 2023-2024 में कक्षा दसवी एवं बारहवीं 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए उन्हें मुख्य अतिथि एवं मचस्थ अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, पार्षद साधना प्रमोद साहू, सावित्री भारत धीवर, मोहन साहू, गोपेश साहू, पुष्पा रोहित साहू आदि शामिल थे।

### युवा कांग्रेस ने प्याऊ खुलवाने निगम को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** निगम क्षेत्र के प्रत्येक जोन में भीड़ वाले इलाकों में पीने के स्वच्छ एवं ठंडे पानी के लिए प्याऊ खोलने उत्तर विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नवाज खान ने निगम कमिश्नर को ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया। महंगाई का दौर है, पीने के पानी की बोतल आम आदमी की पहुंच से ऊपर है, ऐसे में मेहनतकश और राहगीरों के लिए निगम को जगह-जगह प्याऊ खोलने चाहिए। साथ ही व्यापारी समितियों से कहकर भी हर जगह पीने के पानी का इंतजाम निगम प्रशासन को करवाना चाहिए।

## लाखेनगर, खमतराई, कोटा, अमलीडीह, तेलीबांधा सहित कई इलाकों में कोचिए सक्रिय

# चावल का खेल ऐसा, एजेंसी की तरह काम कर रहे कोचिए, हितग्राही से 22 में खरीदकर 30 में बेच रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्ड धारकों को मिलने वाला एपीएल और बीपीएल चावल का बड़ा खेल चल रहा है। लाखेनगर, खमतराई, कोटा, अमलीडीह, तेलीबांधा, मोवा सहित कई इलाकों में कोचिए सक्रिय हैं, जो एजेंसी की तरह काम कर रहे हैं। ये कोचिए कई राशन दुकानों से लेकर सीधे हितग्राहियों से चावल खरीद रहे हैं और उन्हें चुनिंदा मिलों में अधिक दाम पर बेचकर जमकर मुनाफा कमा रहे हैं। इधर सूत्रों के अनुसार जिन मिलरों के यहां यह चावल बेचा जा रहा है, वे भी चावल से अच्छी-खासी रकम कमा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मिलों में चावल की साइज को छोटी और पॉलिस करने के बाद उसे खरीदी कीमत से अधिक दाम पर बाजार में खपाया जा रहा है। इस तरह राशन दुकानों में मिलने वाला चावल अब कई लोगों के लिए व्यापार बन गया है।



### हितग्राही से 22 रुपए किलो में खरीद रहे कोचिए, एक वर्ष में 4 रुपए बढ़ी कीमत

शहर में इन दिनों कोचिए, हितग्राहियों से 22 रुपए किलो के भाव से चावल खरीद रहे हैं, वहीं जिन राशन दुकानों में चावल खरीदी-बिक्री का खेल चल रहा है, उनसे 25 से 26 रुपए किलो के भाव से खरीद रहे हैं। इस तरह कोचिए, हितग्राही और राशन दुकान से अलग-अलग भाव से चावल खरीद रहे हैं। एक वर्ष पूर्व यह भाव और कम था। हितग्राही से 18 रुपए और राशन दुकान से 22-23 रुपए भाव से चावल खरीदा जा रहा था, लेकिन इस चावल की डिमांड पहले से ज्यादा बढ़ी है, जिससे चावल की कीमत भी उछाल आया है।

### बाजार में 35 से 50 रुपए किलो में खप रहा चावल

सूत्रों के अनुसार चावल की साइज छोटी और पॉलिस करने के बाद मिलों से निकलने वाला चावल बाजार में 35 रुपए से लेकर 40 रुपए में बिक रहा है। साइज और पॉलिस के कारण चावल को पहचाना मुश्किल है, इसलिए ग्राहक भी धोखा खा रहे हैं। यही नहीं, छोटे दाने वाले चावल के भाव इन दिनों आसमान पर हैं। उन चावल की तुलना में पॉलिस हुए चावल की कीमत कम है। इस कारण भी यह चावल बाजार में बिक जाता है।

### कोचिए ने गोदाम बना रखे हैं कई जगह

हरिभूमि की पड़ताल के दौरान कई इलाकों में नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया गया कि उनके मोहल्ले व कालोनी में चावल खरीदी करने वाले छोटे-बड़े कोचिए सक्रिय हैं। कई बड़े कोचिए तो चावल की खरीदी के लिए गोदाम भी ले रखे हैं, जहां हितग्राहियों के अलावा छोटे कोचिए से भी चावल खरीदी की जाती है।

### छोटा हाथी वाहन से मिलों में पहुंचता है चावल

कोचिए द्वारा राशन दुकान, किराना दुकान एवं गोदाम से खरीदे गए चावल को छोटा हाथी वाहन में लोडिंग कराकर मिलों तक पहुंचाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कोचिए चावल की खरीदी करने के बाद इसे छोटा हाथी वाहन में लोडिंग कर उसे तालपतरी से ढककर मिलों तक पहुंचाते हैं। इस कारण विभाग की नजर से भी ये बचे हुए हैं।

### इन क्षेत्रों के मिलों में जा रहा चावल

शहर के अलग-अलग क्षेत्रों के कोचिए खरीदे गए चावल को रायपुर के विधानसभा रोड, टाटीबंध, ग्राम दोंदे, धरसींवा एवं खरोरा सहित अन्य क्षेत्र की मिलों में बेच रहे हैं।

### इन इलाकों में कोचिए के गोदाम संचालित किए जाने की सूचना

लाखेनगर के बंधवापारा, कोटा में परशुराम चौक इलाका, तेलीबांधा-श्यामनगर इलाका आदि इलाके में कोचिए द्वारा चावल की खरीदी करने के लिए गोदाम संचालित किए जाने की जानकारी सूत्र से मिली है।

### कुछ इलाकों में खरीदी-बिक्री की शिकायत मिली है, जांच कर कार्रवाई करेंगे

शहर में कई इलाकों में कोचिए राशन दुकान में वितरण होने वाले बीपीएल-एपीएल चावल की खरीदी-बिक्री कर उसे मिलों में खपा रहे हैं। इसकी कुछ शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों के आधार पर जांच की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश के अनुसार चावल की खरीदी-बिक्री करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- **भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर

### कई किराना व्यवसायी भी खरीदने लगे हैं चावल

शहर में चावल की खरीदी-बिक्री इस तरह से बढ़ी है कि इससे अब किराना व्यवसायी भी नहीं छूटे हैं। वे भी इस कारोबार में कूद पड़े हैं। ऐसे कई किराना दुकानदार हैं, जो राशन दुकान में वितरण होने वाले चावल की खरीदी-बिक्री करते हैं। इन दुकानदारों से भी बड़े कोचिए की सेटिंग है। दुकान जैसे ही खरीदे गए चावल के स्टॉक से भर जाता है, वे कोचिए से संपर्क कर उसे ले जाने के लिए कहते हैं। इस तरह हर महीने की पहली तारीख से लेकर 10 तारीख और 15 से लेकर 25 तारीख के दौरान कोचिए सक्रिय रहते हैं, क्योंकि इन दिनों में सबसे ज्यादा राशन दुकानों में धारकों को चावल का वितरण किया जाता है।

# कविताओं के जरिए सिखाएंगे मातृभाषा पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा लोक साहित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ सहित देशभर के बच्चे कविता के माध्यम से अपनी मातृभाषा को जानेंगे। लुप्त हो रहे लोक साहित्य को भी इसके माध्यम से सहेजने का कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। इसे 'बालपन की कविता' नाम दिया गया है। इस प्रतियोगिता में कोई भी हिस्सा ले सकता है। लोगों को स्थानीय भाषाओं में रचित कविताएं प्रेषित करनी होंगी। वे स्वरचित कविताएं भी इस प्रतियोगिता में भेज सकते हैं अथवा किसी अन्य साहित्यकार द्वारा रचित लोक कविताएं भी भेजी जा सकती हैं।

शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय संदर्भ के लिए प्रासंगिक सामग्री पर फोकस करते हुए सभी भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में नर्सरी कविताओं का एक संग्रह तैयार करने के लिए यह स्पर्धा प्रारंभ की गई है। इस पहल का मकसद यह है कि छोटे बच्चे अपनी मातृभाषा में आसानी से समझ में आने वाली और आनंददायक कविताओं के जरिए अपने आसपास की दुनिया से परिचित होकर जीवन के शुरूआती दौर में बेहतर सीख हासिल कर सकें।

### तीन श्रेणियों में विभाजित होगी कविता

इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी तीन श्रेणियों के अंतर्गत लोकसाहित्य में प्रचलित मौजूदा कविताएं भेज सकते हैं। प्रथम श्रेणी प्री-प्राइमरी की रखी गई है। इसमें 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के लिए कविताएं भेजनी होंगी। दूसरी श्रेणी ग्रेड-1 की रखी गई है। इसमें 6-7 साल के बच्चों के लिए कविताएं भेजनी होंगी। वहीं तृतीय श्रेणी को ग्रेड-2 नाम दिया गया है। इस श्रेणी में 7-8 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रचनाएं शामिल रहेंगी।

### क्षेत्रीय कविताएं भी शामिल

प्रविष्टियां सभी भारतीय भाषाओं के साथ ही अंग्रेजी में आमंत्रित की गई हैं। इसके अलावा इसमें क्षेत्रीय कविताएं भी शामिल हो सकती हैं, जो भारतीय संदर्भ में सांस्कृतिक महत्व रखती हैं। 22 अप्रैल तक माय गांव वेबसाइट (**https://www.mygov.in/**) पर जाकर कविताएं भेजी जा सकती हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। विस्तृत जानकारी शिक्षा मंत्रालय द्वारा वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# भूपेश की लोकप्रियता से डर कर भाजपा ने सीबीआई से करवाई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के खिलाफ सीबीआई की एफआईआर भाजपा के डर को दिखाती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भूपेश बघेल से भाजपा का डर कोई नया नहीं है। जब वे पीसीसी अध्यक्ष थे, तब रमन सरकार ने उनके पीछे राज्य की एजेंसियो को लगा कर रखी थी।



उनके पैतृक गांव में खेत को नापने रमन सरकार ने भरी बरसात में राजस्व का पूरा दल भेजा था। भिलाई स्थित उनके मकान को नापने के लिए दल भेजा। उनको, उनकी स्व माता, पत्नी को ईओडब्ल्यू में बैठाया। उनके खिलाफ सीडी का झूठा मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। सीडी मामले में उनके खिलाफ सीबीआई जांच करवाया जिसमें सीबीआई की अदालत ने डिस्चार्ज कर दिया। उनके पुत्र को आधारहीन मामले पूछताछ करने थाने बुलवाया। मुख्यमंत्री रहते बदनाम करने उनके सहयोगियों के खिलाफ ईडी सीबीआई की रेड कराई। एक ड्राइवर के कथित बयान के आधार पर उनके खिलाफ ईडी ने आधारहीन प्रेस नोट जारी कर महादेव एप्प मामले में झूठा आरोप लगाया। सरकार जाने पर ईओडब्ल्यू में झूठा मुकदमा दर्ज कराया। उसी के आधार पर अब सीबीआई से एफआईआर करवाई है। प्रदेश की जनता भाजपा के षडयंत्र को समझ रही है। आने वाले चुनाव में भाजपा के षडयंत्रो का जवाब जनता देगी।

## भूपेश का आरोप- प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के संरक्षण में चल रहा महादेव सट्टा ऐप

# भूपेश ने एफआईआर पर कहा, शाह को खुश करने किया केस दर्ज, मेरी राजनैतिक हत्या की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अमित शाह को मोगैंबो बताया है। उन्होंने कहा, उनका छत्तीसगढ़ दौरा होने को है और शाह को खुश करने के लिए महादेव मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, शुभम सोनी के आरोप पर मुझ पर कार्रवाई की गई है। मेरा भी आरोप है कि महादेव एप सट्टा प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के संरक्षण में संचालित हो रहा है, तो क्या उन पर सीबीआई जांच करेगी।

उन्होंने कहा, वे इस मामले को लेकर दिल्ली में अपने नेताओं से मिलेंगे, साथ ही वकील से भी चर्चा करेंगे। भूपेश बघेल ने रायपुर के शासकीय निवास पर संवाददाताओं से चर्चा में कहा, जब-जब मोदी और शाह का छत्तीसगढ़ दौरा हुआ, उसके पहले सीबीआई और ईडी का दौरा हो जाता है। अभी प्रधानमंत्री आए, उसके पहले सीबीआई की रेड पड़ी। अब अमित शाह आ रहे हैं। 18 दिसंबर 2024 की एफआईआर को पब्लिक डोमेन में कल भेजा गया। यह मोगैंबो को खुश हुआ, उसी तर्ज पर यह काम किया जा रहा है। मोगैंबो को खुश करना है, इस बात की जानकारी दिल्ली जाकर अपने नेताओं को देंगे और वकीलों से भी चर्चा करेंगे।

### पूर्व सीएम भूपेश ने कहा, उन्हें गिरफ्तारी से डर नहीं लगता

### ईडी, एसीबी और सीबीआई ने मामले की नहीं की जांच

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ऑनलाइन सट्टा के खिलाफ लगातार उनकी सरकार ने कार्रवाई की। महादेव सट्टा के मामले में लगभग 74 से अधिक एफआईआर, 200 से अधिक गिरफ्तारी और 60 से अधिक गेजेट्स, मोबाइल, लैपटॉप और 2000 से अधिक बैंक खाता सीज किए गए। मामले में ईडी ने अपना काम किया। उसके बाद सरकार बदली, तो मामले को एसीबी को सौंप दिया गया। इसके बाद एसीबी ने सीबीआई को यह मामला सौंप दिया, लेकिन इस मामले में जांच किसी ने नहीं की।



**इनकी मंशा मुझे गिरफ्तार करना**

श्री बघेल ने कहा, जितनी भी केंद्रीय एजेंसी है, उसका काम ही यही है कि मुझे रोकना, बदनाम करना और राजनीतिक हत्या करना है। शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देना है। यह उनका उद्देश्य है और इसलिए यह सब किया गया है। उन्होंने कहा, यदि मेरी गिरफ्तारी करना चाहते हैं, तो इसका कोई डर नहीं है।

### पिछले साल की एफआईआर पर इस साल कार्रवाई

उन्होंने कहा, इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है, इसमें छठवें नंबर पर मुझे भी आरोपी बनाया गया है, यह एफआईआर 18 दिसंबर 2024 की है, जो पब्लिक डोमेन में कल दिया गया है। एफआईआर में मेरा नाम छठवें नंबर पर है। सौरभ चंद्रा का भी नाम है, लेकिन शुभम सोनी का नाम कहीं नहीं है, जो अपने आप को उसका मालिक बताता है। सौरभ चंद्राकर को अपना नौकर बताता है। यदि वह मालिक है, तो उसका नाम इसमें आना था ,जो नहीं है।

### बघेल के सवाल

बघेल ने कहा, शुभम सोनी के आरोप पर मेरे खिलाफ कार्रवाई हो रही है, तो मैंने भी आरोप लगाया है कि महादेव सट्टा प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और यहां के मुख्यमंत्री के संरक्षण में चल रहा है। यदि नहीं चल रहा है, तो उसे बंद किया जाए और यदि बंद नहीं कर रहे, तो इसका मतलब कि उसे संरक्षण प्राप्त है। क्या इसकी जांच सीबीआई करेगी। शुभम सोनी का ऑडियो वीडियो उनके पास कैसे आया। उसकी जांच क्यों नहीं की जा रही है, उसे लीक किसने किया। तीसरा शुभम सोनी के आरोप पर यह सारी जांच हो रही है, तो हमने जो आरोप लगाया, उस पर जांच कब होगी।

## मिल रहा भाजपा सरकार का संरक्षण, अवधि पूर्ण हो जाने के बाद भी चल रही है अवैध वसूली

# कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद कराने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ कांग्रेस पार्टी ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने एनएचएआई के दफ्तर में प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिग्वीजय सिंह से मिलकर कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर चर्चा किए। इस मौके श्री उपाध्याय ने कुम्हारी टोल प्लाजा की समयावधि पूर्ण हो जाने के बाद भी टैक्स वसूलने को लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कुम्हारी टोल प्लाजा को निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी की सरकार का संरक्षण मिल रहा है, जिसके कारण वहाँ अभी भी अवैध वसूली का कार्य चल रहा है। विकास उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का 19 मार्च 2021 का न्यूज़ है कि सदन में उन्होंने कहा था कि बहुत



जल्द संपूर्ण भारत में टोल नाके बंद किये जाएंगे और सिर्फ जीपीएस की सहायता से रोड पर चल रहे वाहनों पर टैक्स लिया जाएगा। वहीं दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद कराने सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट-मुलाकात कर पत्र सौंपा था और उन्होंने मीडिया पर झूठा ऐलान भी किया कि जल्द ही कुम्हारी टोल प्लाजा बंद होगा। विकास उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह तक घोषणा किये थे कि 60 किलोमीटर के भीतर सिर्फ एक टोल प्लाजा संचालित होगा, लेकिन छत्तीसगढ़ में ही दुर्ग स्थित और राजनांदगांव स्थित टोल प्लाजा की दूरी, कुम्हारी और मंदिर हसौद टोल प्लाजा की दूरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 60 किलोमीटर दायरे वाला जो कथन है वो कितना सही है। लोगों को दिग्भ्रमित करने के लिए एनएचएआई ने एक योजना लागू करने की बात कही थी, जिसमें साल का 3000 एवं 15 साल का 30000 रुपए 120 रुपए जमा कर कार्ड जारी करने की बात कही गई थी जिससे उपभोक्ता को साल भर कोई टोल टैक्स देने की जरूरत नहीं है और यही नियम 15 साल वाली योजना पर भी थी। जबकि ऐसी कोई भी योजना लागू नहीं की गई, बल्कि जिन क्षेत्रों में टोल प्लाजा खुले हैं वहाँ के स्थानीय रहवासियों को भी टोल टैक्स भुगतान कर ईधर से उधर जाना पड़ता है।

### ये रहे प्रदर्शन करने वालों में

प्रदर्शन करने वालों में पार्षद संदीप साहू, मनीराम साहू, सत्यनारायण नायक, राकेश धोतरे, बबीता नत्थानी, अमन गिल, विकास अग्रवाल, अशोक ठाकुर, देवकुमार साहू, नवीन चन्द्राकर, सोहन शर्मा, अमित शर्मा मोन्टा, संदीप सिरमोर, पप्पू खैरा, शंकर साहू, योगेश तिवारी, बंशी कन्नौजे, राजू शर्मा, डेमेन्द्र यदु, अजय निषाद, भूपेन्द्र साहू, हैप्पी वाजवा, दिलीप गुप्ता, सैफ उल्ला, अजय सिंह, बबलू, सतनाम सिंह, संदीप तिवारी सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# दान दाताओं का सम्मान करेंगे मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नयी पीढ़ी को दान के महत्व से अवगत कराने दान का महत्व बताने दानदाताओं का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री, रायपुर दक्षिण विधायक व रायपुर महापौर की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज द्वारा पुरानी बस्ती स्थित नवनिर्मित दाऊ अग्रवाल भवन में सम्मान किया जाएगा।



छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दाऊ अनुराग अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान पीढ़ी को अपने पूर्वजों के दिए दान के बारे में या तो जानकारी कम है या बिल्कुल भी नहीं पता है। आज भौतिकवादी युग के पीछे भागते युवा को शायद यह नहीं पता है कि उनको उनके पूर्वजों ने आज की कीमत के हिसाब से 1000 करोड़ से ऊपर की संपत्ति दान की और अपने शहर और समाज में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छ पेयजल आदि के लिए अस्पताल कॉलेज तालाब और कुआं का निर्माण करवाया। 3 अप्रैल को छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन के दाऊ अमृष कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल भवन में सम्मान के माध्यम से उन लोगों को सामने लाने का भी प्रयास किया जा रहा है, जो वर्तमान में भी धर्म सेवा के बड़े-बड़े कार्य कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जसगीत और भजन संध्या आज

**रायपुर।** त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर द्वारा 3 अप्रैल को शाम 7 बजे से जसगीत, भजन संध्या एवं हनुमान चालीसा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम रामयश कीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। यह जानकारी समिति के सचिव विवेक बर्धन ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों, श्रद्धालु सहित नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### नोटिस मिलने पर पता चला जिसने अकाउंट खुलवाया उसने किया अवैध ट्रांजेक्शन

**रायपुर।** दूसरे के नाम पर अकाउंट खुलवाकर अवैध तरीके से 15 लाख रुपए के लेन-देन करने के आरोप में आजाद चौक थाने की पुलिस ने ओडिशा, बालांगीर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए व्यक्ति पर दो लोगों को झांसा देकर उनके नाम अकाउंट खुलवाकर गलत तरीके से लेन-देन करने का आरोप है। पुलिस ने मुजगहन निवासी गुलशन विश्वकर्मा की शिकायत पर मकरंदा मेहर को गिरफ्तार किया है। गुलशन ने पुलिस को बताया है कि वह पचपेड़ी नाका स्थित एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत था। इस दौरान मकरंदा से उसकी पहचान हुई। मकरंदा ने गुलशन को सरकारी नौकरी दिलवाने का झांसा देकर आजाद चौक स्थित फेडरल बैंक में अकाउंट खुलवाया। इसके बाद मकरंदा ने पासबुक तथा एटीएम अपने पास रख लिया। मांगे जाने पर मकरंदा ने गुलशन को उसका पासबुक, एटीएम लौटाया।

### 9 जोन के जोन अध्यक्षों का चुनाव आज, दोपहर से शुरू होगी निर्वाचन प्रक्रिया

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के 9 जोन में अध्यक्षों का 3 अप्रैल को चुनाव होगा। गांधी सदन के सामान्य सभागार में गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी। निगम आयुक्त विश्वदीप ने निर्वाचन के लिये निर्वाचन सह पीठासीन अधिकारी को नियुक्त किया है। निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के बाद संविक्षा में सही पाये जाने पर अभ्यर्थियों के नाम का प्रकाशन किया जायेगा। इसके बाद दोपहर 12.45 से 1 बजे तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। 1 बजे से 1.30 बजे तक मतदान होगा। नगर निगम के 9 जोन अध्यक्षों के निर्वाचन 3 अप्रैल को कराये जायेंगे। इसके लिए पार्टी और महापौर ने नाम तय किये हैं। निगम आयुक्त ने निर्वाचन सह पीठासीन अधिकारी अपर आयुक्त द्वय पंकज शर्मा और विनोद पांडे के निर्देशन पर्यवेक्षण में निर्वाचन की कार्यवाही कराने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार वार्ड समिति अध्यक्ष का चुनाव संबंधित जोन के आयुक्त करायेंगे।

### नाला में गिरे बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला

**रायपुर।** जोन 9 की काऊ कैचर टीम ने जन शिकायत पर संज्ञान लेते हुये एक्सप्रेस वे नाला में गिरे बछड़े को थ्रीडी मशीन की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला। जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर जोन स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में जन शिकायत का निवारण किया गया। वार्डवासियों ने जोन 9 की काऊ कैचर टीम के इस कार्य को सराहा है।

# हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत, लिवर की बीमारी में वृद्धि की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवजात शिशुओं सहित हाई रिस्क श्रेणी के लोगों को संक्रमण से बचाने वाले हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में किल्लत हो गई है। इसकी वजह से लिवर से संबंधित विभिन्न रोगों के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका जताई जा रही है। एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने वैक्सीन की वजह से भविष्य में होने वाली परेशानी पर चिंता जताई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी देकर समस्या दूर करने की मांग की है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता एवं महासचिव अतुल सिंघानिया ने बताया कि यह वैक्सीन हेपेटाइटिस-बी से होने वाले संक्रमण को रोकती है, जो लिवर को प्रभावित करता है। यह समस्या ज्यादा दिनों तक रहने पर कैंसर जैसी गंभीर समस्या का कारण बन जाता है। यह वैक्सीन नवजात शिशुओं, हेल्थ वर्करों के साथ पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को लगाई जाती है। स्वास्थ्य से संबंधित मामले में यह वैक्सीन काफी महत्पूर्ण है, जिसकी किल्लत हो रही है। वैक्सीन की कमी जारी रहती है, तो छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत में क्रोनिक लिवर रोग और लिवर कैंसर के मरीजों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा सकती है। ये दोनों बीमारियां उच्च मृत्यु दर के साथ प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियां हैं, जिनका एक प्रमुख कारण हेपेटाइटिस बी है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि वैक्सीन उत्पादन और वितरण में तेजी लाने, कमज़ोर और उच्च जोखिम वाले समूहों तक वैक्सीन की पहुंच को प्राथमिकता देने जैसे उठाये गए कदमों की मदद से इस समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला और खाद्य एवं औषधि नियंत्रक को पत्र लिखकर इसका तत्काल समाधान निकाले जाने पर बल दिया है।

## एएचपीआई अध्यक्ष ने जताई चिंता, स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को भेजा पत्र

### केंद्रीय स्तर पर हो चुकी पहल

डा. राकेश गुप्ता ने बताया हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की देशभर में हो रही किल्लत के बाद पिछले महीने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भी अगवत कराया जा चुका है। एएचपीआई के राष्ट्रीय डायरेक्टर जनरल डा. गिरिधर ज्ञानी ने पत्र के माध्यम से केंद्रीय मंत्री को इसकी जानकारी देकर वैक्सीन की कमी दूर करने का निवेदन किया था।




### शिविर लगाकर वैक्सीनेशन

रायपुर जिले में कुछ माह पहले हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन लगाने के लिए विभिन्न स्थानों में शिविर लगाया गया था। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा, केंद्रीय जेल में रहने वाले बंदियों के साथ थर्ड जेंडर के लोगों को वैक्सीन लगाया गया था। वैक्सीन लगाने के लिए तय गाइडलाइन के अनुसार हाई रिस्क ग्रुप के लोगों का चुनाव किया गया था।

# अनुपस्थित मिले जोन 2 के 24 कर्मचारी 1 दिन का कटेगा वेतन

- लेखापाल से लेकर सहायक राजस्व अधिकारी, रिकार्ड कीपर तक शामिल
- निगम का निगरानी सिस्टम फेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार को जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर सुबह 10 बजे कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 24 कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित मिले। अब इन कर्मचारियों का 1 दिन का वेतन काटा जाएगा। जोन 2 कमिश्नर ने जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोन कार्यालय में 24 कर्मचारी समय पर अनुपस्थित पाये गये, जबकि उनका फील्ड में कोई कार्य नहीं रहता। इन कर्मचारियों के एक दिन के वेतन कटौती का आदेश जोन कमिश्नर ने जारी किया है।

इन कर्मचारियों में सहायक राजस्व अधिकारी स्वाती शुक्ला, सहायक ग्रेड 01 अखिलेश भगत, लेखापाल लवली पाण्डेय, रिकार्ड कीपर रोमा तिवारी, राजस्व उप निरीक्षक अनिता गुप्ता, अब्दुल सत्तार, तपेश कश्यप, सहायक राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र गेंडरे, सहायक राजस्व निरीक्षक फैजान अंसारी, विनय सोनी, धनेश यादव, नरेन्द्र नायक, माधव प्रसाद अवधिया, लोचन बघेल, वंदना बेसरे, भृत्य कर्मचारी भीखम दास वैष्णव, श्याम लहरी, शिवशंकर शर्मा, प्लेसमेंट विद्युतकार, महेश निषाद, संजय यादव, राजेश बागड़े, प्लेसमेंट हेल्पर कर्मचारी ओमप्रकाश साहू, योगेश साहू, शैलेश टंडन शामिल रहे।

## मंदिर की करोड़ों रुपए कीमत की जमीन का फर्जीवाड़ा किए जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

# चंगोराभाठा के लोगों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा स्थित महादेव मंदिर की करोड़ों रुपए की जमीन के फर्जीवाड़ा का मामला अब जोर पकड़ने लगा है। क्षेत्र के रहने वाले 100 से अधिक पुरुष एवं महिलाओं ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना संगठन के नेतृत्व में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव कर दिया। इस घेराव के दौरान प्रदर्शनकारी कलेक्टर से मिलने की इच्छा जताई, लेकिन प्रदर्शनकारियों की संख्या सौ से ज्यादा होने के कारण सभी लोगों को मुख्य गेट के बाहर ही पुलिस बल द्वारा रोक दिया गया। इधर प्रदर्शनकारियों की मांग सुनने के लिए कुछ अधिकारी उनसे मिलने भी पहुंचे थे, लेकिन सभी कलेक्टर से ही मिलने पर अड़े रहे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर से मिलाने की भी बात कहीं गई, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने और गेट के बाहर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन करते रहे। इस तरह समझाईश देने के बाद भी जब प्रदर्शनकारी नहीं माने तो कलेक्टर के निर्देश पर पुलिस बल द्वारा सभी को गिरफ्तार कर बसों में बैठाकर अलग-अलग थाने परिसर ले गए, जहां कुछ घंटे रखने के बाद दो प्रदर्शनकारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें जेल भेज दिया, वहीं अन्य सभी को समझाइश देकर रिहा कर दिया है।

### 100 से ज्यादा गिरफ्तार-रिहा, दो जेल भेजे गए







### धारा 151 के तहत दो को जेल भेजा

कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने के मामले में सभी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग थाना परिसर में कुछ समय तक रखा गया था। इस दौरान दो लोग जो लोगों को प्रदर्शन करने के लिए उकसा रहे थे, उनके खिलाफ धारा 151 के तहत अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया है। अन्य प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी गई है।

\- **रोहित मालेकर**, टीआई सिविल लाइन

### जांच अधिकारी के खिलाफ कलेक्टोरेट में पर्चा भी बांटे गए

*कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के कुछ दिनों पूर्व छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के संरक्षक दादा ठाकुर रामगुलाम सिंह ने अपने संगठन के कुछ सदस्यों के साथ एक पर्चा भी कलेक्टोरेट में बांटा था। इस पर्चे में लिखा गया था कि जमीन का फर्जीवाड़ा की जांच कर रहे अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर पर भी आरोप लगाया गया था उनके द्वारा शिकायतकर्ताओं का बयान नहीं लिया गया है तथा जांच में क्या पाया गया है, इस संबंध में पूछने पर भी उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जा रही है।*

### लोगों का कहना- दान में दी गई थी जमीन

*कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों में मोहन साहू, धीरेंद्र साहू सहित अन्य लोगों ने बताया कि चंगोराभाठा स्थित तालाब के पास महादेव मंदिर की 4 एकड़ 40 डिसमिल जमीन ब्राम्हणपारा निवासी गोबिन्धर दीवान द्वारा करीब 40 साल पहले दान में दी गई थी। उन्होंने बताया कि मंदिर के पुजारी जयलालपुरी ने राजस्व अधिकारियों से मिली भगत करके जमीन पर कब्जा कर उसे अपने नाम पर रजिस्ट्री कराकर किसी अग्रवाल परिवार को बेच दिया है। इस मामले में पूर्व में भी कई बार कलेक्टर एवं तहसील कार्यालय में आवेदन देकर जांच की मांग की जा चुकी है। इसके बाद भी इस मामले में कोई जांच नहीं कर इसे दबाया जा रहा है, जबकि यह जमीन गांव वालों के उपयोग के लिए दान में दी गई है।*

# उजाड़ पड़ा विद्याचरण शुक्ल चौक, झीरम घाटी की चित्रण वाली एलईडी नदारद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के बैरनबाजार क्षेत्र स्थित पंडित विद्याचरण शुक्ल चौक के पास झीरम घाटी के शहीदों की स्मृति में चौक का सौंदर्यीकरण कर वहां आकर्षक एलईडी स्क्रीन लगाई गई, जिसमें झीरम घाटी की घटना का जिक्र किया गया। साथ ही चौक में छोटे-छोटे गुंबद लगाये गये, साथ ही रंगीन रोशनी का प्रबंध किया गया।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 30 लाख की लागत से अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से यह कार्य करवाया, पर अब यह चौक उजाड़ पड़ा है। जहां पहले शाम होते ही बड़े स्क्रीन पर झीरम घाटी में शहीदों की स्मृति का चित्रण देखने को मिलता था, वह स्क्रीन स्थल से गायब है। राजधानी के अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता विवेक तनवानी ने कहा है कि पंडित विद्याचरण शुक्ल चौक में हुये निर्माण कार्य की जाचं तकनीकी विशेषज्ञों से कराई जाये। उनका ये भी कहना है कि सौंदर्यीकरण को लेकर 30 लाख की लागत रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा बताई गई है। साथ ही यह कहा गया है कि रायपुर नगर निगम इसका रखरखाव कर रहा है। श्री तनवानी ने कहा कि निर्माण कार्य लागत 5 लाख से ज्यादा नहीं हो सकती। इसकी जांच कराई जाये। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव, निगम आयुक्त को शिकायत की प्रतिलिपि भेजी है।

# बॉलीवुड सिंगर, परिजनों के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कोर्ट के आदेश पर मुजगहन पुलिस ने एश्वर्या पंडित के खिलाफ दर्ज किया अपराध

इंडिया टैलेंट हंट शो तथा बॉलीवुड की प्लेबैक सिंगर एश्वर्या पंडित तथा उनके परिजनों के खिलाफ मुजगहन थाने की पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्लेबैंक सिंगर के खिलाफ चोरी का अपराध दर्ज किया है। एश्वर्या पर आरोप है कि उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर किराए के मकान का ताला तोड़कर 11 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा अन्य घरेलू सामान चोरी कर ले गए। तपन दास की शिकायत पर पुलिस ने उसकी पत्नी तथा परिजनों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज की है। तपन ने पुलिस को बताया है कि 19 जनवरी 2023 को एक बच्चे को जन्म दिया था। बच्चा जन्म देने के बाद वह बच्चे की सही ढंग से देख रेख नहीं कर रही थी। साथ ही अपने मायाका जाने की जिद करने के साथ तपन के परिजनों के साथ विवाद करती थी। इसके कारण तपन सद्दानी दरबार के पास अलग से किराए का मकान लेकर रहने लगा। इस दौरान तपन को किसी काम से अपने मूल ग्राम गरियाबंद जाना पड़ा। तपन की अनुपस्थिति में एश्वर्या ने एक सितंबर 2023 को अपने परिजनों के साथ मिलकर मकान का ताला तोड़ कर मकान के अंदर रखे सामान के साथ सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गई।

### पुलिस ने कहा- पारिवारिक मामला है कोर्ट जाएं

घटना की शिकायत करने तपन थाने पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। इस पर पुलिस ने तपन को पारिवारिक विवाद होने की बात कहते हुए कोर्ट में जाने की सलाह दी। इस पर तपन ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर न्यायिक दंडाधिकारी आकांक्षा बेक की कोर्ट ने पुलिस को ऐश्वर्या तथा उनके परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने आदेश दिया।

# वक्फ संशोधन बिल का स्वागत, घड़ी चौक पर आतिशबाजी, बांटी मिठाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में बुधवार को राजधानी के नगर घड़ी चौक पर संसद में प्रस्तुत वक्फ बोर्ड संशोधन का आतिशबाजी करके स्वागत किया गया। इसे गरीब मुस्लिमों के हित में उठाया गया एक ऐतिहासिक व क्रांतिकारी कदम बताते हुए मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू को बधाई दी। इस मौके पर मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने 'न दूरी है, न खाई है-मोदी हमारा भाई है' के नारे लगाकर मिठाइयां भी बांटी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि आज जो वक्फ़ संशोधन बिल लाया गया है, उससे घोटालों पर कड़ी रोक लगेगी और जो अवैध कब्जाधारी हैं, उन पर लगाम लगेगी। ये अवैध कब्जाधारी अरबों रुपए की संपत्तियों पर सालों से अतिक्रमण करके बैठे हुए हैं।

### संशोधन विधेयक में न्यायाधिकरण शक्तियों में वृद्धि

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक के जरिए बोर्ड के न्यायाधिकरण की शक्तियों में वृद्धि की जा रही है। वक्फ़ संपत्तियों का डिजिटलिकरण किया जा रहा है ताकि डॉक्यूमेंट मजबूत हों। इसी प्रकार प्रतिवर्ष ऑडिट का प्रावधान किया गया है। बोर्ड में मुख्य कार्यपालन अधिकारी की भी नियुक्ति की जा रही है।

### ये थे मौजूद

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मखमूर इकबाल खान, प्रदेश प्रवक्ता तौकीर रजा, प्रदेश उपाध्यक्ष असगर अली, रजिया खान, शेख निजाम, गुलाम गौस खान, आरिफ नियाजी, इजराइल खान सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

# महामाया मंदिर में 2621 फीट चुनरी चढ़ाएंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नौकरी से निकाले गए बीएड डिग्रीधारी अपने समायोजन की मांग को लेकर डटे हुए हैं। अलग-अलग तरीके से उनके द्वारा अपना विरोध जताया जा रहा है। नवरात्रि की पंचमी तिथि पर 2621 बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने माता की संध्या आरती में भाग लिया। इस धार्मिक अनुष्ठान में शिक्षिकाएं नवदुर्गा के स्वरूप में सजीं और माता के चरणों में आराधना कर आशीर्वाद लिया। गुरुवार को महामाया मंदिर में दोपहर 3 बजे 2621 बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक माता महामाया को 2621 फीट लंबी चुनरी अर्पित करेंगे। यह धार्मिक आयोजन शिक्षकों की समायोजन की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शिक्षक अपनी प्रार्थना रुपी चुनरी मां महामाया के चरणों में अर्पित करेंगे।

### 4 अप्रैल को अंतर्विभागीय समिति की बैठक

4 अप्रैल को अंतर्विभागीय समिति की दूसरी बैठक आयोजित होगी, जिसमें समायोजन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। शिक्षक इस बैठक में सकारात्मक निर्णय की आशा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम माता से प्रार्थना करेंगे कि उनकी वर्षों की मेहनत और सेवा को उचित सम्मान मिले। गौरतलब है कि 2621 बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को हाईकोर्ट के 2 अप्रैल 2024 के आदेश के परिपालन में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। शिक्षक विगत तीन महीनों से रायपुर के तूता धरना स्थल पर अपनी समायोजन की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं।

## बिजनेस साइट

### वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी केयर में अत्याधुनिक 'एनटलिया प्रो' से फेफड़ों का इलाज





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी केयर अपनी उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के कारण न केवल प्रदेश में बल्कि उड़ीसा और अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में भी ख्याति प्राप्त कर रहा है। यह चिकित्सा केंद्र लोधी पारा, पंडरी रोड पर स्थित है और इसके निदेशक श्वास एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. केदारनाथ देवांगन हैं। डॉ. देवांगन के अनुसार, यह चेस्ट केयर सेंटर मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## प्रतिनिधिमंडल ने महापौर मीनल चौबे से की मुलाकात

# कैट ने दिये शहर में नए फुटकर बाजारों की स्थापना के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को महापौर मीनल चौबे से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रायपुर के पारंपरिक बाजारों के विकास, शहर में नये फुटकर बाजारों की स्थापना करने सहित अन्य बिंदुओं पर सुझाव दिये।

कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र के पारंपरिक बाजार नगर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जहां लघु एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारी अपनी आजीविका के साथ अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं। ये बाजार निम्न एवं मध्य वर्गीय जनता के लिए आवश्यक वस्तुओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित कराते हैं, पर वर्तमान में ये बाजार अत्यंत दयनीय स्थिति में हैं, जिसके कारण पारंपरिक व्यवसाय करने वाले व्यवसायी संकट में हैं। उपभोक्ता ऑनलाइन प्लेटफार्म एवं मॉल की ओर रुख कर रहे हैं, इससे राज्य सरकार के राजस्व में भी गिरावट आ रही है। इसीलिए इन बाजारों को नया स्वरूप दिया जाये।



### सुझाव दिये जो इस प्रकार हैं : -

- बाजारों में पक्की सड़कों एवं सुदृढ़ जल निकासी प्रणाली का निर्माण।
- सुव्यवस्थित यातायात एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था।
- अग्निशमन की समुचित व्यवस्था, क्योंकि वर्तमान में अधिकतर पारंपरिक बाजारों में दमकल वाहन प्रवेश नहीं कर सकते।
- बाजारों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना।
- बिजली की खुली तारों को भूमिगत करना औरपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने लाइट्स तथा मुख्य चौराहों पर हाईमास्क लाइट लगवाई जाए।
- स्वच्छता व्यवस्था को नियमित एवं प्रभावी बनाना।
- व्यवस्थित रिटेल बाजारों की स्थापना।
- सार्वजनिक शौचालयों एवं जनसुविधा केंद्रों का निर्माण।
- यूजर चार्ज की समीक्षा।
- ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना।

महापौर मीनल चौबे ने कैट प्रतिनिधिमंडल के सुझावों का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर शहर पारंपरिक बाजारों के पुनरुद्धार एवं व्यापारिक विकास के लिए आश्वासन दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-



By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## लाइव इवेंट

# बॉलीवुड रीमिक्स, लावणी, राजस्थानी सांग पर प्रतिभागियों ने मचाई धूम

### रंग मंदिर ऑडिटोरियम में पहले दिन 80 प्रतिभागियों ने स्टेज पर जमाया रंग

'शहर में कई ऐसी प्रतिभाएं हैं, जिन्हें अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए कभी अवसर भी नहीं मिल पाता है। नृत्य की विधा में पारंगत ऐसी प्रतिभाओं को संगीत कला अकाडमी ने पहली बार हुनर दिखाने के लिए स्टेज दिया। नटरंग फेस्टिवल में पहले दिन बॉलीवुड के रीमिक्स गीतों, लावणी, राजस्थानी सांग्स पर कलाकारों ने ऐसी धूम मचाई की दर्शक दीर्घा में पैरेंट्स उत्साह से लबरेज नजर आए। बुधवार को सुबह 9 से रात 9 बजे के बीच 80 उभरते कलाकारों ने प्रतिभा की छाप छोड़ी।'



**रायपुर।** गांधी मैदान के रंग मंदिर ऑडिटोरियम में नृत्य की विधा से जुड़े उभरते कलाकारों को मंच देने के लिए संगीत कला अकाडमी की डायरेक्टर संगीता काप्से ने पहल की। इससे नटरंग फैस्टिवल में रंग जमाने के लिए नागपुर, ओडिशा ही नहीं, छत्तीसगढ़ के लगभग सभी बड़े शहरों से प्रतिभागी शिरकत करने के लिए पहुंचे। इनमें 5 वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक के महिला व पुरुष कलाकार प्रतिभागी के रूप में नृत्य करने के लिए आए। हर किसी ने जोश और उत्साह से मंच पर आने के बाद एक मजे हुए नृत्यांगना की तरह परफॉर्मेंस दिया। कलाकारों को मंच से जोड़ने का दायित्व संचालन करते हुए आज एश्वर्या काप्से ने निभाई।



### हर विधा के महारथी दिखा रहे दम

ऑडिटोरियम के स्टेज पर रंगीन लाइटों के बीच भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचिपुड़ी, कत्थक के साथ फ्री स्टॉइल सेमी क्लासिकल की शानदार प्रस्तुति देते हुए कलाकारों ने अपने गुरुओं का मान बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आयोजक ने बताया कि 6 अप्रैल तक चलने वाला यह सिलसिला अब जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा तो नृत्य की विधा से जुड़े लखनऊ, रायगढ़, बनारस, जयपुर के साथ खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के प्रतिभागी भी मंच साझा करेंगे। हर दिन 80 से अधिक कलाकारों को प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा।



### कलाकारों के बीच गुरु करेंगे नृत्य

अकाडमी की डायरेक्टर ने बताया कि गुरुवार को ओडिसी, कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम और कत्थक भी होंगे। इस विधा को गेस्ट ऑर्टिस्ट के रूप में आर्या नान्दे, कृपा बंजारे पेश करेंगे। इससे युवा कलाकारों को मंच पर किस तरह से नृत्य करते समय भाव-भंगिमाओं को रखना चाहिए, सुर और ताल के बीच कैसे तालमेल बनाते हैं। यह उभरती प्रतिभाओं को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। इनके साथ प्रतिभागियों की प्रस्तुति पर पहले दिन नजर रखते हुए निर्णायक का दायित्व किरण साहू और दिनदयाल बर्मन ने निभाया।



### क्लासिकल नृत्य को बढ़ावा देने पहल

आयोजन के लिए सजाए गए स्टेज पर क्लासिकल नृत्य को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने पर भी जोर दे रहे हैं। वहीं, फेस्टिवल की अंतिम कड़ी में 6 अप्रैल को गुरु द्रोण अर्जुन अवार्ड दिया जाएगा। नृत्य की अलग-अलग विधा और घरानों की तालिम से जुड़े गुरु और शिष्य एक साथ मंच साझा करेंगे। डायरेक्टर ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से नई प्रतिभाएं सामने आएंगी।

## सेहत के लिए इस्तेमाल करें कई गुणों वाला एक मुट्ठीभर बादाम



**रायपुर।** सेहत को हर समय बेहतर बनाए रखने के लिए कुछ अतिरिक्त प्रयास की जरूरत होती है। ऐसे में बादाम आपकी अच्छी मदद करता है। बादाम और इससे बनने वाले ब्रेकफास्ट के ढेरों विकल्प मौजूद हैं, जो आपको बादाम के असंख्य गुणों के साथ कई प्रोटीन और पौष्टिक तत्व प्रदान करते हैं। इसे बताने के लिए एल्मॉड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया ने एक होटल में विशेष सेशन भी किया। इसमें एमबीबीएस और न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. रोहिणी पाटिल और चर्चित गायिका एवं नायिका गरिमा दिवाकर ने कहा कि एक मुट्ठी भर बादाम तेज-तर्रार जीवन शैली में सेहत को सपोर्ट करने का कुदरती तरीका है। यह बात 'ए हैंडफुल ऑफ एल्मॉड्स ए डे नेचुरल एप्रोच टू सपोर्टिंग हेल्थ इन टुडेज फास्ट-पेस्ड लाइफ स्टाइल' नाम से आयोजित एक नॉलेज सेशन में कहीं।

### भागदौड़ भरी जिंदगी में बेहतर डाइट जरूरी

इस सेशन में डॉ. रोहिणी पाटिल और गरिमा दिवाकर सहित कई अन्य प्रतिष्ठित पैनलिस्ट भी शामिल हुए। इन सभी ने अच्छे खान-पान और बेहतर डाइट के कई विकल्पों और बैलेंस्ड डाइट बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करने की बात उन्होंने कही। चर्चा में पैनलिस्टों ने बताया कि कैसे देश के सबसे लोकप्रिय कैलिफोर्निया बादाम को रोजमर्रा के खानपान में शामिल करना आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फायदेमंद हो सकता है। इस नॉलेज सेशन का संचालन आरजे आकांक्षा दुबे ने किया।

## सिटी लाइव

## हम सबके भीतर छिपा है रियल सुपर हीरो उसे जागृत करने से खुद को मिलेगा सुपर पावर



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा ब्रह्मविद द ग्लोबल स्कूल भाठागांव में विद्यार्थियों को ज्ञान अर्जन कराने के लिए ब्रह्माकुमारी सौम्या व सिमरन दीदी ने अपने भीतर के सुपर हीरो की पहचान (अनलॉक द हीरो विदिन यू) विषय पर व्याख्यान दिया। ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने कहा कि आज तक हमने जितने भी सुपर हीरो के बारे में सुना और पढ़ा है वह सब रियल नहीं, बल्कि फिल्म टीवी या सोशल मीडिया की उपज है। अब हमें रियल लाइफ में सुपर हीरो बन करके दिखाना है। रियल हीरो बनने के लिए हमें अपने भीतर के सुपर पावर को जानना होगा। सबके व्यक्तित्व में साहस और सद्गुणों के रूप में एक हीरो छिपा हुआ है। उसे पहचानकर समय पर उपयोग में लाने की जरूरत है। सुपर पावर जागृत करने के लिए हमारे अंदर आत्म विश्वास का होना जरूरी है।

### एकाग्रचित होकर टीचर की बात सुनें

बच्चों को प्रेरणा देते हुए बताया कि कैसे और कब किस सद्गुण को उपयोग में लाने की जरूरत है। जब कक्षा में बैठें तो अच्छे श्रोता बनकर बैठें। अनुशासित और एकाग्रचित होकर टीचर की बातों को सुनें। घर में जब जाएं तो रिसपेक्ट फुल होकर रहें और सबसे आदर पूर्वक व्यवहार करें। दोस्तों के साथ हेल्पफुल होकर रहें और एक-दूसरे की मदद करें। आपका व्यवहार ऐसा मधुर हो कि सब वाह-वाह करें और कहें कि बच्चा आपके जैसा होना चाहिए।



### सभी ने बताई सुपर हीरो की खूबियां

उन्होंने बच्चों से पूछा कि आप सुपर हीरो में कौन सी विशेषताएं देखते हैं। आपकी नजर में सुपर हीरो कौन हो सकता है। इस पर बच्चों ने बहुत ही सुन्दर जानकारी देते हुए बताया कि सुपर हीरो में दूसरों की मदद करने का गुण होना चाहिए। वह सच्चा और साफ दिल वाला और ईमानदार हो। उसमें दयाभाव होना चाहिए। वह हिम्मत वाला और बहादुर होना चाहिए। बच्चों को एक्टिविटी कराते हुए यह महसूस कराया कि उनमें सुपर पावर और वेल्यूज मौजूद है।

### नव सृजन मंच ने किया 201 बेटियों के अभिभावकों का मंच पर सम्मान

## जिनके घर-आंगन में खेलती हैं बेटियां, ऐसे माता-पिता का सम्मान

**रायपुर।** सामाजिक संस्था नव सृजन मंच द्वारा आयोजित बिटिया जन्मोत्सव के तहत 201 बेटियों के माता पिता का सम्मान वृंदावन हाल में किया गया। इसमें अभी तक हजारों परिवारों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मिनल चौबे ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों को सम्मानित करना, पवित्र नवरात्र में कन्या पूजन करना अपने आप में अद्भुत है। सभागार में 6 माह से भी छोटी बच्चियों की किलकारी को संगीत बताते हुए कहा कि एक साथ इतनी नन्ही बच्चियों की किलकारी सुनना भी एक अलग अनुभूति का एहसास कराता है।



### आकर्षण का केन्द्र रही बच्ची

*अध्यक्षीय भाषण में संस्था के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 6 माह से कम उम्र की 201 बेटियों की किलकारी से सभागार गुंजायमान है। जिसमें 10 दिन से 6 माह तक की बेटियां नवरात्र में माता स्वरूप में मौजूद हैं। हम कार्यक्रम का शुभारंभ भी कन्या पूजन से करते हैं। 201 बेटियों की आरती की गई। मां दुर्गा का स्वरूप धारण की हुई नन्ही बच्ची जसलीन कौर हाथों में त्रिशूल थामे आकर्षण का केंद्र रही। माता-पिता को घर में बेटियों के आने की बधाई भी दी गई।*

### माता-पिता को दिया बेबी किट

सभी माता-पिता को सम्मान पत्र के साथ ही बेबी किट दिया गया। इसमें बच्ची के लालन- पालन की वस्तुओं में फ्रॉक, साबुन, पावडर, खिलौने, बच्चों की मच्छर दानी और अन्य वस्तुएं थीं। साथ ही बेटियों को लेकर सरकार की योजनाओं के स्टाल जैसे सुकन्या योजना, नोनी योजना, मातृत्व समृद्धि योजना के स्टाल महिला एवं बाल विकास के सहयोग से लगाए गए थे। पोस्ट आफिस शाखा द्वारा छोटी बच्चियों का आधार कार्ड भी शिविर लगाकर बनाया गया। इसमें कांति लाल जैन, डॉ. प्रीति सतपथी ने सहयोग दिया।

## युवाओं ने बांटी बीपी व शुगर जांचने की मशीन, जैन समाज की पहल



**रायपुर।** युवाओं की हार्ट अटैक से मौत की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। परिवारों में ब्लड प्रेशर व शुगर की बीमारियों ने कई लोगों की जान ली है। ब्लड प्रेशर कम ज्यादा होना जीवन के लिए घातक होता है। घरों में बीपी जांचने की मशीन होने से तुरंत प्रारम्भिक इलाज करके जान बचाई जा सकती है। इस कड़ी में जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा महावीर जन्म कल्याणक पर साधर्मिक भक्ति और अनुकम्पा सेवा सप्ताह के तहत जैन साधर्मिक परिवारों के लिए स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य सजग प्रहरी योजना में 2500 रुपए की सहयोग राशि प्रदान करके एक साधर्मिक परिवार के सजग प्रहरी बनने का अवसर लोगों ने प्राप्त किया।

### योजना का लाभ लेने दर्ज कराएं नाम

इस योजना के तहत बीपी व शुगर जांचने की 23 मशीनों का वितरण किया गया। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि नौकरी पेशा व मध्यमवर्गीय जैन परिवारों को जरूरत अनुसार एक ब्लड प्रेशर मशीन और एक शुगर टेस्टिंग इक्यूपमेंट दिया गया है। जिन परिवारों में ब्लड प्रेशर और शुगर से पीड़ति परिजन हैं, ऐसे 50 परिवारों को मशीन बांटी गई है। कोचर व चोपड़ा ने बताया कि जिन साधर्मिक भाई-बहनों के परिवार में ब्लड प्रेशर व शुगर के मरीज हों वे संपर्क करके नाम दर्ज करा सकते हैं।

### विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस : पैरेंट्स अवेयरनेस पर कार्यशाला

## माता-पिता की लापरवाही से बच्चों को न्यूरो बिहेवियरल डिसऑर्डर की समस्या, मोबाइल फोन से दूर रखें

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के मौके पर कोपलवाणी संस्थान द्वारा पैरेंट्स अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। न्यूरो बिहेवियरल डिसऑर्डर किसी प्रकार की बीमारी नहीं है, यह बच्चों के मानसिक विकास की गति को धीमा कर देता है। डिसऑर्डर के कारण बच्चों का ब्रेन सामान्य लोगों की तुलना में डिफ्रेंट काम करता है। यह कहना है काउंसलर डॉ. हर्षल छाजेड का। जिन्होंने जागरूकता दिवस के अवसर पर व्याख्यान के माध्यम से परिजनों को ऑटिज्म से संबंधित जानकारी साझा की। कार्यक्रम की शुरुआत वन्दे मातरम्! सुजलाम, सुफलाम् मलयज-शीतलाम्...पीयाने संगीत एवं गायन के साथ हुई, जिसकी प्रस्तुति दीपांशु मिश्रा ने दी। ऑटिज्म की समस्या से पीड़ित बच्चे की प्रस्तुति ने परिजनों को भावुक कर दिया। डिसऑर्डर में बच्चों की मानसिकता को समझना मुश्किल हो जाता है। कार्यक्रम के दौरान तीन पीड़ित बच्चों ने संगीत, गायन एवं स्पीच दी। व्याख्याता ने बताया कि वर्तमान में परिजन बच्चों की देखभाल में लापरवाही कर रहे हैं, जिसके कारण बच्चे मोबाइल फोन का प्रयोग जरूरत से अधिक करने लगे।





### बच्चों के लिए थेरेपी का प्रयोग

काउंसलर ने बताया कि परिजन बच्चों की जरूरत के आधार पर थेरेपी का चयन कर सकते हैं। इसके लिए चिकित्सकों से सलाह की आवश्यकता होती है। जिन बच्चों को बोलने में समस्या है, उन्हें स्पीच थेरेपी दी जाती है। मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को इंडिपेंडेंट बनाने के लिए ऑक्यूपेशन थेरेपी दिया जाता है। वहीं, शारीरिक रूप से कमजोर बच्चों को फिजियोथेरेपी दिया जाता है। इन दिनों माता-पिता बिहेवियर थेरेपी करा रहे हैं, इससे बच्चों को सामाजिक स्तर पर बात करने का तरिका सिखाया जाता है।

### परिजनों की लापरवाही से न्यूरो बिहेवियरल डिसऑर्डर

काउंसलर डॉ. हर्षल ने बताया कि इन दिनों परिजनों की लापरवाही के कारण बच्चों में समस्या बढ़ती जा रही। मोबाइल फोन के अधिक प्रयोग से न्यूरो बिहेवियरल डिसऑर्डर की समस्या हो रही है, जिसका लक्षण चिड़चिड़ापन, अकेले रहने की आदत, आउटडोर गेम्स से दूर रहना, बात करने में दिक्कत और लोगों से इंटरेक्ट करने में समस्या शामिल है। छोटी उम्र में बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने का प्रयास करें। इस प्रकार की समस्या होने से थेरेपी के माध्यम से बच्चों को ठीक किया जा सकता है।



## सिटी लाइव

# ऑटिज्म से ग्रसित बच्चे समाज का हिस्सा, जीवन संवारने करें प्रयास



**रायपुर।** हर साल की तरह आकांक्षा लॉयन्स इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पावरमेंट की पहल से बुधवार को उत्साह के साथ ऑटिज्म दिवस मनाया गया। इसमें संस्था की डायरेक्टर साधना नायक ने ऑटिज्म के बारे में बताया कि ऑटिज्म से ग्रसित बच्चे भी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उनको समाज के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सतत प्रयास होना चाहिए। इस काम के लिए संस्था द्वारा सतत प्रयास भी किया जा रहा, ताकि ऑटिज्म से ग्रसित बच्चों का जीवन संवारने में सहयोग दिया जा सके। 31 वर्षों से बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास के क्षेत्र में सेवारत संस्था में 300 से अधिक बच्चों को स्कूल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बौद्धिक रूप से अक्षम बच्चों को प्रशिक्षण के साथ मानव संसाधन के शिक्षण के लिए विशेष डीएड और विशेष बीएड (बौद्धिक दिव्यांगता) संकाय का भी संचालन किया जाता है।

### डांस, पेंटिंग और पोस्टर में दिखाया हुनर

प्रतिष्ठा शुक्ला ने बताया कि इसमें स्पेशल एम.एड. (बौद्धिक अक्षमता) व पीजीडीईआई (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन अरली इन्टरवेंशन) कोर्स शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। स्कूल के विशेष बच्चों ने थेरेपी सेंटर एवं सेंस इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के विशेष बच्चों ने डांस, पेंटिंग, पोस्टर, और फैंसी ड्रेस में शिरकत की। आकांक्षा स्कूल के दो अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित संस्था के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया। इसमें बच्चों के साथ ट्रेनिंग विभाग के डीएड, बीएड, सीबीआईडी के विद्यार्थी शामिल हुए। बीएड की छात्रा ने कविता के माध्यम से ऑटिज्म से ग्रसित्त बच्चों के सामाजिक महत्व को बताया।

## समाज लाइव

# नवकार महामंत्र दिवस पर मानव कल्याण के लिए बताएंगे महत्व



**रायपुर।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (आईटीओ) रायपुर चैप्टर द्वारा 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन जैन दादाबाड़ी में किया जाएगा। जनजागरण के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य नवकार महामंत्र के आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। रायपुर चैप्टर के चेयरमैन तिलोकचंद, अंकुश गोल्लेचा, नरेया पी नाहर और इवेंट संयोजक अभय भंसाली, ललित पटवा ने यह जानकारी बुधवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इसमें शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल को भी आमंत्रित किया गया है।

### महामंत्र विश्व कल्याण का प्रतीक

नवकार महामंत्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व कम लोग ही जानते हैं। यह मंत्र सकारात्मक ऊर्जा , शांति और विश्व कल्याण का प्रतीक है। दादाबाड़ी में होने वाले इस भव्य आयोजन में हजारों श्रद्धालुए संत और गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। सार्वजनिक सहभागिता और जागरूकता से अधिक से अधिक लोग नवकार महामंत्र के महत्व को समझते हुए इसे जीवन में अपना सकेंगे। तिलोकचंद बड़िया ने बताया कि नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का महामंत्र है। यह प्रेम, शांति और अहिंसा का संदेश देता है, जिसे आज के युग में सभी को अपनाने की जरूरत भी है।

### शहर के सभी प्राचीन देवी मंदिरों में शाम को बढ़ी रौनक, जसगीत से टोलियों ने बनाया भक्तिमय माहौल

# आदिशक्ति के श्रीधाम में उमड़ी आस्था की भीड़, पंचमी पर भक्तों ने किया श्रृंगार दर्शन, सांग-बाना की पूजा

'आदिशक्ति के श्रीधाम में पंचमी तिथि के चलते बुधवार को सुबह और दोपहर ही नहीं, बल्कि शाम से लेकर देर-रात तक भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में माता का विशेष श्रृंगार होने से उपासक उनकी एक झलक पाने के लिए आतुर नजर आए। वहीं, ज्योत-जंवारा दर्शन के साथ ही सांग-बाना की पूजा का सिलसिला चला। मनोकामना ज्योत जलवाने वाले भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए प्राचीन मंदिरों में भी अब कतार की स्थिति बनने लगी है।'

**रायपुर।** शहर के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि से रौनक बढ़ने लगी है। माता के श्रीधाम जहां रंगीन रोशनी से जगमगाने लगे हैं, वहीं रावांभाठा स्थित बंजारी मंदिर, मां काली मंदिर, महामाया मंदिर, दंतेश्वरी, कंकाली मंदिर सहित रविशंकर यूनिवर्ससिटी परिसर स्थित बंजारी धाम में भी उपासकों और भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है। रायपुर ही नहीं, दूसरे शहरों और राज्यों से आने वाले दर्शनार्थियों के चलते आस्था का माहौल बनने लगा है। महामाया मंदिर में जहां माता की साड़ी रोज दिन में दो बार बदली जाती है, वहीं अन्य देवी मंदिरों में पंचमी पर श्रृंगार दर्शन के लिए लोग कतार का हिस्सा बनने के बाद दर्शन किए। श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों की भीड़ बढ़ने की वजह से अब मंदिरों में वॉलेटियर्स की ड्यूटी भी लगने लगी है।







### सोने-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार

*प्राचीन मां कंकाली माता मंदिर के पुजारी आकाश शर्मा ने बताया कि पंचमी तिथि को माता का सोने-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही भक्तों की मौजूदगी में आरती का विधान भी किया गया। मां महाकाली मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश कलश ने बताया कि माता का विशेष श्रृंगार करने के साथ अलग-अलग समय में चार बार आरती की गई। मां महामाया मंदिर ट्रस्ट के सचिव दुर्गा प्रसाद पाठक ने बताया कि तीन बार मां की आरती और दो बार श्रृंगार किया गया। पंचमी तिथि से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है।*

### बैगा-पंडा संभाल रहे हैं जिम्मेदारी

सभी देवी मंदिरों में घट स्थापना के बाद से जहां बैगा-पंडा ज्योत कलश की शुद्धता के साथ ही दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को एक-एक करके दर्शन करने का अवसर दे रहे हैं। वहीं, ज्योत में तेल और घी पर्याप्त मात्रा में बनाए रखने की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। इस बार भी शीतला माता मंदिर सहित सभी बंजारी, दंतेश्वरी और मां काली मंदिर में भी दर्शनार्थियों का तांता लगने लगा है। इसे देखते हुए लोगों को व्यवस्था से जोड़ने के लिए मंदिर ट्रस्ट के प्रमुखों ने सेवकों, कर्मचारियों को आने वाले लोगों की सुविधा के लिए तैनात किया है।



### भावपूर्ण जसगीतों से बढ़ी रौनक

देवी मंदिरों में प्रतिदिन जसगीत गायन की परंपरा निभाई जा रही है। इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने पहले से ही नवरात्रि में जसगीत गाने वाली टोलियों को न्योता दिया था। सभी देवी मंदिरों में शाम से लेकर देर-रात तक महिलाओं और पुरुषों की जसगीत टोलियों की भावपूर्ण प्रस्तुति से जहां भक्तिमय माहौल बनने लगा है, वहीं जिन्हें माता आती है, ऐसे भक्तों की सेवा के लिए बैगा भी हवन-पूजन और शांति कराने के लिए अब सेवा देने लगे हैं। हर साल की तरह इस बार भी जसगीत गाने वाली टोलियों में महिलाओं की तादाद ज्यादा है।

### भक्तिभाव से की सांग-बाना पूजा

स्थापना के बाद पंचमी और अष्टमी को ज्योत कलश की पूजा के साथ ही पंचमी तिथि पर सांग-बाना की पूजा का भी विशेष महत्व है। इसे देखते हुए जिन मंदिरों से ज्योत-जंवारा के साथ भक्त सांग-बाना लेकर निकलते हैं, वहां पूजा-अर्चना की गई। कुछ लोग पूजा के बाद इसे घर भी ले जाते हैं। ज्यादातर लोग विसर्जन के दिन ही इसकी पूजा करने के बाद मंदिर से ही इसे धारण करके माता की भक्ति में झूमते हुए विसर्जन यात्रा का हिस्सा बनते हैं।

### महामाया पंचांग का हुआ विमोचन



श्री महामाया देवी मंदिर में महामाया पंचांग का विमोचन त्रिपुर सुंदरी मंदिर शंकराचार्य आश्रम के प्रधान दंडी स्वामी इंदुभवानंद महाराज ने किया। महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टियों के हाथों से विमोचन किया गया। पंचांग के संकलन करता महामाया देवी मंदिर के सहायक पुजारी पंडित मनोज शुक्ला के प्रयासों से इस बार भी महामाया पंचांग का निर्माण किया गया है।

# जो सनातन धर्म की महत्ता को नहीं जानते समझते, ऐसे लोग कर रहे धर्मांतरण

### रावांभाठा स्थित सुदर्शन संस्थानम में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती के उद्गार

**रायपुर।** सनातन धर्म, दर्शन कर्म और विचार अनुशरण योग्य होने के कारण सर्वश्रेष्ठ है। जो लोग हिंदू धर्म की महत्ता को नहीं जानते-समझते हैं, ऐसे लोग ही धर्मांतरण कर रहे हैं। देश-दुनिया में जितने धर्म हैं, वे जब भी किसी समस्या से घिरते हैं, तो सनातन में ही समाधान खोजते हैं। बुधवार को हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी को संबोधित करने से पहले यह बात रावांभाठा स्थित सुदर्शन संस्थानम में पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती ने कही। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि संसार में भाग्यशाली वही हैं, जो उत्तम व्यवहार और सद्कर्म करते हुए जीवन जीते हैं। जो मन, वचन और कर्म से उत्तम व्यवहार नहीं करते हैं, ऐसे लोग ही अभागे हैं।

### धर्म के रास्ते पर लाने का प्रयास करें



पुरी के पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य का दर्शन करने व चरण पादुका पूजन करने के लिए धर्मानुरागी भी पहुंचे थे। इनके बीच शंकराचार्य ने धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ाने के साथ ही हिंदुओं को हिंदुत्व को आगे ले जाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद की घटना जब भी होती है, तो उसमें केवल और केवल राजनीति होती है। नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने को लेकर कहा कि नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र के लोगों को कैसे हम धर्म के रास्ते पर ला सकते हैं। कैसे उन्हें भोजन, पानी और रोजगार दें, इस पर चर्चा होनी चाहिए। संगोष्ठी का हिस्सा धर्म प्रचार समिति के सदस्य भी बड़ी संख्या में बने।

# रामनवमी महोत्सव में माता सुमित्रा के चरित्र की व्याख्या





**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में रामनवमी महोत्सव के तीसरे दिन रामायण के पात्रों के चरित्र का वर्णन किया गया। मंडल की महिलाओं ने प्रभु श्रीराम के प्रति भरत के प्रेम, समर्पण और विश्वास के चरित्र की व्याख्या की। कहा, पिता के एक आदेश को शिरोधार्य कर जहां राम ने जहां 14 वर्ष के वनवास को सहर्ष स्वीकार कर लिया, वहीं दूसरी ओर जब भरत को यह पता चला कि उनके लिए माता कैकई ने अयोध्या का राज सिंहासन मांगा है, तो भाई के प्रेम में भरत ने बिना विलंब किए पूरी अयोध्या का त्याग कर राम की खोज में जंगल जाने का फैसला ले लिया। प्रभु राम के प्रति भरत के प्रेम का वर्णन करते हुए अपर्णा काफी भावुक हो गईं।

### रामायण पात्र के चरित्र का वर्णन

*रामायण के पात्र माता सुमित्रा के जीवन दर्शन में धैर्य, त्याग, प्रेम और पवित्रता को दर्शाया गया। वह एक आदर्श मां के रूप में लक्ष्मण को राम की सेवा के लिए प्रेरित करती हैं। सुमित्रा संसार की ऐसी मां थी, जिनकी इच्छा थी कि उनका पुत्र राजा नहीं, अपने भाई का सेवक बने।वनवास से पूर्व माता सुमित्रा ने लक्ष्मण से कहा, अब तुम पिता के रूप में राम और मां के रूप में जानकी की सेवा करो। उनकी सेवा ही तुम्हारा परम धर्म है।*

# ढीमर मोहल्ला की मनोकामना माता शीतला मंदिर का इतिहास लगभग 200 साल प्राचीन

### भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है मां शीतला

नवरात्रि विशेष



**रायपुर।** टिकरापारा ढीमर मोहल्ला की मनोकामना माता शीतला मंदिर का इतिहास लगभग 200 साल प्राचीन है। ग्राम देवी के नाम से विख्यात माता शीतला का मंदिर मान्यता प्राप्त है। मंदिर समिति के सदस्यों के अनुसार माता शीतला उनकी कुल देवी के रूप में विराजमान है। नगरवासियों में माता के प्रति आस्था सालों से बनी हुई है। माता भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं। मंदिर के गर्भगृह में माता शीतला, माता रिक्षिन, माता शक्ति, माता कंकाली, माता महामाया, ठाकुर देव का पिंडी रूप में प्रतिमा विराजमान है। मंदिर के पुजारी श्यामू धीवर ने बताया कि प्राचीन समय में बुजुर्गों द्वारा मंदिर की स्थापना की गई, तब मां शीतला देवी टीन के टप्पर के नीचे विराजमान थीं। सालों पहले नीम के पेड़ के नीचे मां प्रकट हुई, जिसके बाद से ग्राम देवी के रूप में शहरवासियों ने माता की पूजा की। मंदिर में सौ साल से अधिक प्राचीन सांग और बाना भी मौजूद हैं। मंदिर के सदस्य राजा रेंगे ने बताया कि देवी शीतला माई की सुरक्षा स्वयं नाग देवता करते हैं। गर्भगृह में सर्प का बिल भी मौजूद है। जो प्राचीन काल से समय-समय पर माता का दर्शन करने पहुंचता है। शहरवासियों के भक्तिभाव को देखते हुए गर्भगृह में किसी प्रकार का बंधन नहीं किया गया है। पूजा-अर्चना के दौरान भक्त गर्भगृह में माता को स्पर्श कर पूजा कर सकते हैं

### माता शीतला का स्वरूप

साल 2013 में मंदिर का नवीनीकरण किया गया। इस दौरान गर्भगृह में मां शीतला का स्वरूप दीवारों पर दर्शाया गया है। माता गधे की सवारी करती, एक हाथ में झाड़ू और दूसरे में शंख के साथ विराजमान है। दूसरी ओर दीवारों पर माता काली का दसवां रौद्र रूप दर्शाया गया है। इस स्वरूप की पूजा तांत्रिक विद्या की आराधना के लिए किया जाता है। माता शीलता सौम्य अवतार में विराजमान है। वहीं, माता की छोटी बहन मां रिक्षिन की प्रतिमा स्थापित है। चेचक के दौरान बड़ी माता के रूप में माता शीतला और छोटी माता के रूप में माता रिक्षिन को पूजा जाता है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एसीबी कोरबा फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टीट्यूट बीएमवाय एवं बीएमवाय फुटबॉल क्लब के सयुंक्त आयोजन में राज्य स्तरीय एआरएम कप फुटबॉल प्रतियोगिता के छठवें दिन बुधवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच एसीबी कोरबा एवं एमानुएल एफसी बालाघाट के मध्य खेला गया। यह मैच अंतिम समय तक 0-0 की बराबरी पर रहा। जीत के लिये पेनाल्टी शूट आउट से निर्णय लिया गया। जिसमे एसीबी कोरबा ने 5-4 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच एनईआई बिलासपुर एवं रायपुर एफसी के मध्य खेला गया। जिसमें एनआईए बिलासपुर ने 1-0 से जीत दर्ज कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के मुख्य अथिति भीम बोदलकर एजीएस बिलासपुर एवं मिलाप साहू (अर्बन बैंक डयरेक्टर) थे।

### विश्व योग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने मलेशिया रवाना हुई रायपुर की साक्षी



**रायपुर।** 16वीं विश्व योग प्रतियोगिता के लिए राजधानी रायपुर की साक्षी वर्मा का चयन हुआ है। वे इस प्रतियोगिता में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगी। साथ ही खेल व योग प्रशिक्षक नामेश कुमार साहू भारतीय दल के सहायक प्रशिक्षक के रूप में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। भारतीय दल 2 अप्रैल को कोलकाता से मलेशिया के लिए रवाना होगा। इस प्रतियोगिता में भारत सहित मलेशिया, अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, अर्जेंटीना, आयरलैंड, फ्रांस, चेक रिपब्लिक, इटली,आइवरी कोस्ट, ईरान, नेपाल, चीन, मंगोलिया, स्वीडन, आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, जापान, सीरिया, अल्जेरिया, सउदी अरब सहित अनेक देश हिस्सा ले रहे हैं। कोलम्बिया ग्लोबल स्कूल की 12वीं की छात्रा साक्षी ने इससे पहले में सीबीएसई, राज्य, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की योग स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक जीते हैं। -

### सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में जारी है शानदार मुकाबले



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट का आयोजन जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की 10 टीमें भाग ले रही है।

**बिलासपुर ब्लू के विरुद्ध भिलाई 55 रन से पीछेः** ग्रुप ए का नौंवा चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं भिलाई के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 51.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 157 रन बनाये।

बिलासपुर ब्लू की ओर से रोहित नेतानी ने सर्वाधिक 47 नाबाद रन बनाये साथ ही सन्नी पांडे ने 37 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से आनंद राव तथा शुभम सिंह ने 3- 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 23 ओवरों में बिना किसी नुकसान 102 रन बना लिये है। भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने नाबाद 60 रन तथा मयंक वर्मा ने नाबाद 34 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक भिलाई 55 रनों से पीछे है।

**रायपुर ब्लू के विरुद्ध बीएसपी 129 रनों से पीछेः** ग्रुप ए का दसवां चार दिवसीय मैच बी.एस.पी. एवं रायपुर ब्लू के मध्य सिविक सेंटर क्रिकेट मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 68.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से अनुराग साहु ने सर्वाधिक 82 रन तथा ऋषि शर्मा ने 29 रन बनाये। वहीं बी.एस.पी. की ओर से कृष मैत्री ने 3 विकेट प्राप्त किये। बी.एस.पी. ने अपनी पहली पारी में 14 ओवरों में 1 विकेट खोकर 66 रन बना लिये है बीएसपी की ओर से संगीत सोनी ने नाबाद 46 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति तक बी.एस.पी. 129 रनों से पीछे है।

**सरगुजा के विरुद्ध रायपुर 70 रनों से पीछेः** सरगुजा व रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबला खेला जा रहा है। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सरगुजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 63.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। सरगुजा की ओर से अंश राज आर्यन ने सर्वाधिक 35 रन नाबाद तथा हर्ष दुबे ने 29 रन बनाये। रायपुर की ओर से शुभम माहुरकर ने 3 विकेट, अमितेश पांडे तथा उत्कर्ष तिवारी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

---

### राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े चिंताजनक

# भारत में हर 20 में से एक व्यक्ति में बढ़ रही डिप्रेशन की शिकायत, हर वर्ग के लिए तनाव बन रहा खतरा

साल 2024 के डेटा से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर लगभग 264 मिलियन (26.4 करोड़) लोगों को प्रभावित करता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के डेटा से पता चला है कि भारत में लगभग 20 में से एक भारतीय अवसाद से पीड़ित हो सकता है। मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ी हैं। बच्चे हों या बुजुर्ग, महिला हों या पुरुष सभी इसका शिकार देखे जा रहे हैं। काम के दवाब और पारिवारिक-सामाजिक कारणों के चलते स्ट्रेस-एंग्जाइटी की दिक्कत होना काफी आम है, गंभीर स्थितियों में ये डिप्रेशन (अवसाद) का भी कारण बन सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डिप्रेशन मानसिक बीमारी की गंभीर समस्या है जो आपके सोचने और व्यवहार करने के तरीके को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। इसमें लगातार उदासी की भावना बनी रहती है और आप उन गतिविधियों में रुचि खो सकते हैं जिन्हें आप पहले पसंद किया करते थे। डिप्रेशन मेंटल हेल्थ की समस्या तो है ही पर इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर रूप से हो सकता है। साल 2024 के डेटा से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर लगभग 264 मिलियन (26.4 करोड़) लोगों को प्रभावित करता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के डेटा से पता चला है कि भारत में लगभग 20 में से एक भारतीय अवसाद से पीड़ित हो सकता है। कोविड महामारी के बाद से डिप्रेशन के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।



#### महिलाओं में डिप्रेशन होने का खतरा अधिक

मेंटल हेल्थ की समस्याएं किसी को भी हो सकती हैं, हालांकि बड़ा सवाल ये है कि डिप्रेशन महिलाओं को ज्यादा होता है या फिर पुरुषों को?

इसे समझने के लिए लंदन में विशेषज्ञों की एक टीम ने विस्तृत अध्ययन किया। इसके निष्कर्ष बताते हैं कि लड़कियों में डिप्रेशन के मामले लड़कों की तुलना में दोगुना अधिक होते हैं। साल 2024 में इसी से संबंधित एक अन्य रिपोर्ट में सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने बताया कि अनुमानित 53% किशोर लड़कियों ने उदासी या निराशा जैसे डिप्रेशन के लक्षणों की शिकायत की, जबकि ऐसी शिकायत वाले लड़कों का आंकड़ा केवल 28% था।

#### अध्ययन में क्या पता चला?



शोध की रिपोर्ट ये भी बताते हैं कि लड़कियों में आत्महत्या के विचार आने आशंका भी अधिक थी। पर लड़कियों-महिलाओं में डिप्रेशन का जोखिम अधिक क्यों होता है, किंग्स कॉलेज लंदन के विशेषज्ञों ने इसे भी समझने की कोशिश की।

इस अध्ययन में 15 वर्ष की आयु के 75 लड़कियां और 75 लड़कों को शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लड़कियों में न्यूरोप्रोटेक्टिव कंपाउंड्स का स्तर कम था उनमें डिप्रेशन होने का खतरा भी अधिक देखा गया, वहीं जिनमें इसका स्तर सामान्य था उनका मेंटल हेल्थ ज्यादा बेहतर देखा गया।



हालांकि जब लड़कों में इसका आकलन किया गया तो उनमें ये अंतर नहीं दिखा।

न्यूरोप्रोटेक्टिव कंपाउंड्स ऐसे पदार्थ हैं जो न्यूरॉन्स को विभिन्न कारणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। ये मस्तिष्क को कोशिकाओं की भी रक्षा करते हैं, इस तरह से ये अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के खतरे को भी कम कर सकते हैं।

किंग्स कॉलेज लंदन में शोधकर्ता डॉ नागमेह निक्खेस्लात कहते हैं ब्रेन में सूजन को कम करने या न्यूरोप्रोटेक्टिव के उत्पादन को बढ़ावा देकर हम डिप्रेशन होने या इसके गंभीर रूप लेने के खतरों को कम कर सकते हैं। जिन लोगों के ब्रेन में न्यूरोटॉक्सिक एक्टिविटी अधिक होती है उनके लिए डिप्रेशन पर काबू पाना या इससे बाहर निकल पाना काफी कठिन हो सकता है। एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं से इसमें लाभ पाया जाता है।

---



## आपकी रोज की ऐसी आदतें रिश्तों में ला सकती है मजबूती, पार्टनर भी रहेंगे खुश

3रिश्तों की पहेली सुलझाना सभी के लिए चुनौती होती है। कई बार बहुत सी कोशिशों के बाद भी रिश्तों में तनाव दिखने लगता है। पार्टनर्स के बीच एक-दूसरे को लेकर शिकायतें घर करने लगती हैं। अगर समय पर न संभाला जाए तो कुछ गलतफहमियां आगे चलकर रिश्ता टूटने का कारण भी बन जाती हैं। ऐसे में, अक्सर मन में यह सवाल उठता है कि आखिर हम ऐसा क्या करें कि हमारा पार्टनर खुश रहे और हमारा रिश्ता भी मजबूत बना रहे। इसके लिए, आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व प्रमुख सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से हमने बातचीत की। उन्होंने बताया कि रिश्तों को मजबूत करना बहुत ही आसान होता है। तो चलिए आगे उनके बताए गए टिप्स को जान लेते हैं।

#### धारणा बनाने की जगह खुलकर करें बात



रिश्तों में खटास की शुरुआत तब होती है, जब हम किसी भी बात या घटना के बारे में अपने मन से ही कोई धारणा बनाकर निष्कर्ष निकाल लेते हैं। कभी भी और किसी भी स्थिति में यदि पार्टनर को लेकर कोई बात पता चले, तो अपने मन से निष्कर्ष न निकालें। हमेशा पार्टनर से उस बारे में साफ मन से बात करें। बात करते समय सामने वाले का पक्ष पूरी तरह सुनें। अपनी धारणा न थोपें। खुलकर बात करने से बहुत सी गलतफहमियां दूर होती हैं और रिश्ता मजबूत रहता है।

#### समय देना जरूरी

अगर आपसे सवाल किया जाए कि आज की भागमभाग भरी जिंदगी में सबसे ज्यादा कीमती क्या है, तो आपका जवाब होगा – समय। इसी के साथ हमें रिश्ते की कीमत भी समझनी चाहिए। कीमती रिश्ते को संभालने के लिए अपने कीमती समय का कुछ हिस्सा हमेशा एक-दूसरे के साथ खर्च करें। हर रोज किसी न किसी बहाने से अपने पार्टनर के लिए थोड़ा समय अवश्य निकालें। और हां, अगर कभी काम की उलझन में पार्टनर आपको समय न दे पाए, तो उसकी शिकायत करने के बजाय परिस्थिति को समझें और साथ दें।

#### गुस्से पर नियंत्रण रखें

हमने यह डायलॉग बहुत बार सुना है कि गुस्सा उसी पर आता है, जिससे प्यार होता है। हालांकि, आपको इस डायलॉग को जीवन का हिस्सा बनाने से बचने की जरूरत है। असल में, गुस्सा केवल और केवल रिश्तों को खराब करता है। किसी भी बात पर गुस्से के साथ प्रतिक्रिया न दें। अगर आपको कुछ सही न भी लगे, तो नम्र तरीके से अपनी आपत्ति जताएं। इससे आपसी सम्मान की भावना बढ़ती है और संबंध मजबूत होता है।

#### विश्वास है रिश्ते की नींव



कोई भी रिश्ता विश्वास पर टिका होता है। विश्वास ही संबंधों की नींव है। ज्यादातर रिश्तों के टूटने में अविश्वास और संदेह की बड़ी भूमिका होती है। अगर किसी बात के कारण मन में संदेह उत्पन्न हो तो उस पर खुलकर चर्चा करें और संदेह दूर करें। अपने संदेह को अविश्वास का कारण मत बनने दें। इसी तरह, ऐसा कुछ करने से बचें, जिससे आपके पार्टनर के मन में ऐसा कोई संदेह या अविश्वास पैदा हो सकता है।

---

## घर का मुख्य द्वार बनाने से पहले इन बातों का रखें खास ध्यान, सुख-समृद्धि खुद देगी दस्तक



अगर आप भी नए घर का निर्माण करवा रहे हैं और चाहते हैं कि आपके घर का द्वार सिर्फ एक दरवाजा नहीं, बल्कि सौभाग्य का प्रवेश द्वार बने, तो इन वास्तु नियमों को जरूर अपनाएं। आइए जानते हैं।

#### दिशा का खास रखें ध्यान

घर का मुख्य द्वार कई ऊर्जाओं को घर में प्रवेश करने में सहायक होता है। ऐसे में अगर आप पूर्वमुखी है तो घर का प्रवेश द्वार उत्तर-पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। ताकि मुख्य द्वार से सुबह की धूप सीधे आपके घर में प्रवेश करे। दक्षिण-पश्चिम या पश्चिम दिश में मुख्य द्वार होने से बाधाएं आ सकती हैं, इसलिए इन्हें टालना चाहिए। सही दिशा से सकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवाहित होती है, जबकि गलत दिशा से समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

#### द्वार का सही आकार

मुख्य द्वार का सही आकार और डिजाइन सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए काफी जरूरी होता है। इसलिए आप भी दरवाजा बनवाते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि दो पल्लों वाला द्वार शुभ माना जाता है, क्योंकि यह ऊर्जा के प्रवाह को बनाए रखता है। द्वार न तो बहुत बड़ा हो और न ही बहुत छोटा। बहुत छोटा द्वार सकारात्मक ऊर्जा को रोक सकता है, जबकि बहुत बड़ा द्वार असंतुलन पैदा कर सकता है।

#### स्वच्छता और सुंदरता

घर का मुख्य द्वार साफ और सजा हुआ होना चाहिए। ऐसा करने से यह घर में सुख-समृद्धि को आमंत्रित करता है, जबकि गंदा या अव्यवस्थित द्वार नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है। ऐसे में आप मुख्य द्वार और उसके आसपास हमेशा साफ-सफाई बनाए रखें। रंगोली, तोरण (आम या अशोक के पत्तों की माला) और सजावट से द्वार को आकर्षक बनाएं। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

#### कौन-सा रंग चुने?

मुख्य द्वार का रंग घर की ऊर्जा पर गहरा प्रभाव डालता है। सही रंग घर में सुख-समृद्धि को आकर्षित कर सकते हैं। इसलिए आप क्रीम, हल्का पीला, हल्का नीला, हरा या सफेद जैसे हल्के रंग चुन सकते हैं। काले रंग से बचें, क्योंकि यह नकारात्मकता को आमंत्रित कर सकता है।

---

## रात के खाने में कुछ हल्का बनाना है तो झटपट तैयार करें वेजिटेबल दलिया



वेजिटेबल दलिया एक हेल्दी, हल्का और स्वादिष्ट डिश है, जो पचाने में आसान और पोषण से भरपूर होती है। इसे नाश्ते या रात के हल्के खाने के रूप में बनाया जा सकता है।

दलिया बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में 1 चम्मच घी डालें और उसमें दलिया डालकर हल्का सुनहरा होने तक भून लें। इससे दलिया ज्यादा स्वादिष्ट और खुशबूदार बनेगा। जब ये अच्छी तरह से भुन जाए तो इसे भूनने के बाद एक प्लेट में निकालकर अलग रख दें।

अब बारी आती है तड़का लगाने की। तड़का लगाने के लिए उसी कड़ाही में थोड़ा और घी डालें, फिर जीरा डालें और हल्का भूनें। इसके बाद अब इसमें कटा हुआ प्याज डालकर हल्का गुलाबी होने तक भूनें।

टमाटर, गाजर, मटर, शिमला मिर्च डालें और 2-3 मिनट तक चलाएं। हल्दी, नमक, लाल मिर्च पाउडर डालकर मिलाएं। अब भुना हुआ दलिया डालें और तीन कप पानी डालकर अच्छे से मिलाएं।

अब इसे ढककर धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक पकने दें, जब तक दलिया नर्म और पानी पूरी तरह से सूख न जाए। बीच-बीच में चम्मच से चलाते रहें ताकि दलिया तले में न चिपके। गैस बंद करें और हरी धनिया पत्ती से गार्निश करें। इसे गर्मागर्म परोसें और दही या अचार के साथ आनंद लें।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पीटर की 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' आएगी अगले साल, फैंस में छाया उत्साह

टॉम हॉलैंड अभिनीत फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' के शीर्षक के साथ ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठ गया है। अपने पसंदीदा किरदार पीटर पार्कर को एक बार फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं।



फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है।

'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने कुछ ही देर पहले इंस्टाग्राम पर 'स्पाइडर मैन 4' के शीर्षक के साथ इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, "मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।

'स्पाइडर मैन 4' पीटर पार्कर के लिए एक नया अध्याय शुरू करेगी। 'स्पाइडर मैन 4' का निर्देशक डेस्टिन डैनियल क्रेटन कर रहे हैं। टॉम हॉलैंड अभिनीत बहुप्रतीक्षित स्पाइडर-मैन 4 फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे ' के रूप में सामने आते ही, फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। टॉम हॉलैंड को आखिरी बार फिल्म ₹अनचार्टेड₹ में देखा गया था। वहीं अब मार्वल्स के प्रशंसकों को स्पाइडर मैन की नई फिल्म को देखने के लिए साल 2026 तक का इंतजार करना होगा। टॉम ने पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा, ₹मुझे बेहद अफसोस है कि मैं आपके साथ नहीं हो सका क्योंकि मैं एक फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी दुनिया में घूम रहा हूं।

### टॉलीवुड

## अजित की 'गुड बैड अग्ली' को भारत से पहले लोग अमेरिका में देखेंगे

अभिनेता अजित कुमार की आगामी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। यूएसए में फिल्म के टिकटों की बिक्री शुरु, जानें वहां किस तारीख को रिलीज हो रही फिल्म?



'गुड बैड अग्ली' ने दर्शकों में एक अलग ही रोमांच बनाया हुआ है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें फिल्म को यूएसए में 09 अप्रैल को प्रीमियर की करने की बात कही गई है। साथ ही लिखा कि वहां इसकी बुकिंग शुरू। अब भारत से पहले अजित की यह फिल्म विदेश में अपना परचम लहराने को तैयार है।

'गुड बैड अग्ली' भारत में 10 अप्रैल, 2025 को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और मलयालम सहित कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में अजित के साथ तृषा भी मुख्य भूमिका में होंगी। फिल्म के संगीत को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार देवी श्री प्रसाद द्वारा तैयार किया गया है। सिनेमैटोग्राफी अबिनंदन रामानुजम ने किया गया और संपादन विजय वेलुकुट्टी द्वारा किया गया है। फिल्म का निर्माण नवीन ने मैत्री मूवी के बैनर तले किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'गुड बैड अग्ली' फिल्म की कहानी में एक निडर डॉन अपने क्रूर तरीके और हिंसक जीवन को बदलने की कोशिश करता है ताकि वह समाज में अपने परिवार के साथ शांति से रह सके। हालांकि, उसका काला अतीत और क्रूर कार्य उसका पीछा करना जारी रखते हैं। वह उनका सामना करता है और उन पर विजय प्राप्त करता है। यह प्रतिशोध, वफादारी और सत्ता की कीमत की कहानी है। टीजर के अनुसार अभिनेता फिल्म में कई लुक में नजर आ रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'आयुष्मान आयुष्मति' में प्रमोद और ऋतु मचाएंगे धमाल

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुप्ररस्टार प्रमोद प्रेमी और 'बबली गर्ल' ऋतु सिंह के फैंस के लिए खुशखबरी है। दोनों की खूबसूरत जोड़ी जल्द ही हमें एक नई फिल्म में देखने को मिलेगी। इसका नाम 'आयुष्मान आयुष्मति' रखा गया है। सोमवार 31 मार्च को मेकर्स ने फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है, जिसमें दोनों की प्यारी केमेस्ट्री नजर आ रही है। फिल्म का निर्माण 'एसआरके म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड' के बैनर तले किया जा रहा है। मेकर्स का कहना है कि 'आयुष्मान आयुष्मति' एक बेहद मनोरंजक कहानी पर आधारित सोशल ड्रामा है, जिसमें दर्शकों को मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक मुद्दों की गहराई देखने को मिलेगी। फिल्म का जो फर्स्ट लुक पोस्टर आया है, उसमें एआई की भी छाप है। इसे नरसू ने डिजाइन किया है।



फिल्म में जहां प्रमोद प्रेमी और ऋतु सिंह लीड रोल में हैं, वहीं इसमें समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैस, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवल, सोनू पांडेय, विद्या सिंह, सोनिया मिश्रा, सोनाली मिश्रा, कुंवर सुधीर सिंह और सफिया भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्माता रौशन सिंह और निर्देशक प्रवीण गुडुरी हैं। फिल्म के संगीतकार सजन मिश्रा और आर्य शर्मा हैं, जबकि प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्तानी और शेखर मधुर ने गीत लिखे हैं।

## विंटाज डिजाइन




डिज़ाइनर मारिया ग्राज़िया चिउरी ने अपने नवीनतम हाउते कॉउचर संग्रह के लिए क्रिश्चियन डायर के प्रसिद्ध अभिलेखागार से कुछ विंटाज डिजाइन उठाए हैं। सफल स्प्रिंग 2025 शो चिउरी के सीज़न में सर्वश्रेष्ठ में से एक माना जा रहा है। डिज़ाइनर मारिया ने अपनी विशिष्ट समकालीन दृष्टि से फैशन जगत को हमेशा प्रभावित किया है। इस बार भी उन्हें तारीफ ही मिली।

## रसोई की इन चीजों से हटाएं अपर लिप्स के बाल, पार्लर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत

महिलाएं अपर लिप्स पर आए अनचाहे छोटे बालों से छुटकारा पाने के लिए पार्लर जाती हैं और हेयर रिमूवल क्रीम, थ्रेडिंग, ब्लीच, वैक्सिंग या अन्य कई तरीके अपनाती हैं। हालांकि यह स्थाई तरीका नहीं है, कुछ दिन बार फिर चेहरे पर बाल नजर आने लगते हैं। कई बार तो महिलाओं के कामकाज में व्यस्तता के कारण पार्लर जाने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में आप घर पर ही अपर लिप्स के बाल आसानी से हटा सकती हैं। यहां अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय बताए जा रहे हैं। किचन में इस्तेमाल होने वाली चीजों से अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाया जा सकता है।



### आलू का रस

अनचाहे बालों से चेहरे की खूबसूरती को कम होने से बचाने के लिए ब्लीचिंग क्रीम के तौर पर आलू के रस का उपयोग करें। आलू को काटकर मिक्सी में पीस लें। इस पेस्ट को कपड़े में डालकर अच्छी तरह से निचोड़कर रस निकाल लें। रात में सोने से पहले आलू का रस लगाएं और रात भर लगा रहने दें। सुबह चेहरा धो लें। इस प्रक्रिया को कम से कम तीन बार दोहराएं।

### आटा, हल्दी और दूध

अनचाहे बालों को हटाने के लिए एक बड़ा चम्मच गेहूं का आटा, एक चम्मच कच्चा दूध और चुटकी भर हल्दी को मिलाकर उबटन बना लें। इसे अपर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। बाद में पानी से धो लें। इस पैक को हफ्ते में तीन-चार तीन दोहराएं।

### दूध और हल्दी

दूध और हल्दी बहुत काम के होते हैं। एक चम्मच दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अप्पर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें। ऐसा हफ्ते में तीन बार करें। इससे अपर लिप्स पर बाल नहीं नजर आते हैं और त्वचा साफ व चमकदार दिखने लगती है।

अपर लिप्स के बालों को हटाने के लिए चीनी का उपयोग कर सकते हैं। पैन में एक बड़ा चम्मच चीनी और नींबू का रस मिलाकर गाढ़ी होने तक चलाएं। अब इसे अपर लिप्स पर लगा लें। ध्यान रखें कि यह बहुत अधिक गर्म न हो। 15 मिनट तक अपर लिप्स पर चीनी का पेस्ट सूखने दें, फिर पानी से धो लें। हर दूसरे दिन इसे लगा सकते हैं।

## साड़ी को कीजिए कुछ ऐसे ढंग से स्टाइल, लोग करेंगे वाह-वाह



साड़ियां भारतीय परिधान में सर्वोपरि मानी जाती है। महिलाएं साड़ियों को अलग-अलग तरीके से पहनती हैं। इन दिनों त्यौहारों के साथ-साथ अलग-अलग अवसरों पर पार्टियों का भी है। ऐसे में आप चाहें तो साड़ियां पहनने कुछ सेलिब्रेटीज के अंदाज से भी सीख सकती हैं।



आलिया भट्ट का साड़ी कलेक्शन बेहद खूबसूरत है। वैसे तो अभिनेत्री अधिकतर वेस्टर्न आउटफिट में नजर आती हैं लेकिन किसी इवेंट या फिल्म प्रमोशन के दौरान आलिया भट्ट की खूबसूरत साड़ियों का कलेक्शन देखने को मिलता है। आलिया की यह पीली साड़ी त्योहार के मौके पर काफी सुंदर लुक दे सकती है। नेट एम्ब्रायडरी वाली इस साड़ी से खुद को स्टाइल कर सकती हैं।



हल्की और सिंपल स्टाइल साड़ी में क्लासी लुक चाहिए तो पूजा हेगड़े की इस साड़ी से कुछ आइडिया ले सकते हैं। गर्मी का मौसम है, ऐसे में इस तरह के रंगों का चयन आंखों को सुकून देने वाला और सहज होगा। कलर के साथ ही साड़ी के प्रिंट का चयन भी अपने बॉडी शेप के मुताबिक करें।

टीवी अभिनेत्री करिश्मा तन्ना के पास भी साड़ियों का शानदार कलेक्शन है। खास मौके पर उनकी ऑरेंजा साड़ी को अपना सकती हैं। वहीं इस तरह की प्रिंटेड साड़ी से भी पार्टी के मौके पर खुद को तैयार कर सकते हैं।

शिल्पा शेट्टी की साड़ी कलेक्शन और डिजाइन दोनों ही काफी यूनिक होता है। उनकी साड़ियों को शादी पार्टी से लेकर ऑफिस आदि में भी पहन सकते हैं। शिल्पा की यह साड़ी शादियों और पार्टियों में आकर्षक लगेगी।

## इस नवरात्रि हाथों पर खूब जचेंगे लाल-हरी चूड़ियों के ये नए सेट, देखें डिजाइंस

चैत्र नवरात्रि के मौके पर हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप लाल-हरे रंग की चूड़ियों को हथेली पर सजा सकती हैं। देखते हैं इनके कुछ नए और खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों के सेट बनाने के कुछ आसान टिप्स-



### गोल्डन और ग्रीन चूड़ी डिजाइन

गोल्डन के साथ वैसे तो कई अलग-अलग रंगों की चूड़ियों को पहना जा सकता है। नवरात्रि के लिए ग्रीन कलर लगभग सब तरह के कपड़ों के साथ खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। वहीं इनके साथ आप पतली वाली गोल्डन कलर की चूड़ियों को मिलाकर सेट बना सकती हैं। साथ ही, फैंसी लुक के लिए आप कंगन भी शामिल कर सकती हैं।

### लाल और पीली चूड़ी डिजाइन

लाल के साथ हरे रंग के आलावा पीला रंग भी काफी खूबसूरत कलर कंट्रास्ट बनाने में मदद करता है। इस तरह में आप चाहे तो हरे रंग को भी शामिल कर सकती हैं। इन तीनों रंगों को मिलाकर चूड़ी का सेट बना सकती हैं। साथ ही बीच में चौड़े साइज का कंगन भी आप पहन सकती हैं। इसमें आपको मिरर वर्क और स्टोन डिजाइन के अलावा ग्लिटर में भी चूड़ियों और कंगन के काफी डिजाइंस मिल जाएंगे।

### मिरर वर्क चूड़ी डिजाइन सेट

मिरर वर्क को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। फैंसी और हैवी डिजाइन की चूड़ियों को आप प्लेन कपड़ों के साथ में पहन सकती हैं। इसमें आप चाहे तो कपड़ों के कलर के हिसाब से अलग-अलग रंग भी चुन सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो एक ही रंग की 24 चूड़ियों को एक हाथ की कलाई पर सजा सकती हैं।

## पंद्रह मिनट में घर पर करें नेल आर्ट हाथों के नाखून दिखने लगेंगे सुंदर

हम सभी चाहते हैं हमारे हाथ और नाखून सुंदर नजर आएं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई सारे डिजाइन होते हैं जो 15 मिनट में बन जाते हैं। जानते हैं किन डिजाइन को आप ट्राई कर सकती हैं।



### ग्लिटर नेल आर्ट

अगर आपको नए डिजाइन से नेल आर्ट करनी है तो इसके लिए आप ग्लिटर नेल आर्ट करा सकती हैं। यह 15 मिनट में जो जाती है। इसके लिए आपको एक टेप लेनी है। इसके बाद इसे अपने नाखूनों पर तिकोना करके लगानी है। फिर इसके एक तरह मैट कलर को इस्तेमाल करना है और दूसरी तरफ ग्लिटर कलर को लगाना है। इस तरीके से आपका नेल आर्ट हो जाएगा।

### सिंपल नेल आर्ट

अगर आप किसी पार्टी में जानें के लिए लेट हो रही हैं और नेल आर्ट कराने का समय नहीं मिला है तो ऐसे में आप घर पर इसे 15 मिनट में कर सकतीहैं। इसके लिए आपको दो अलग-अलग कलर लेने हैं। इसके बाद 3 उंगली के नाखूनों पर एक कलर को लगाना है और 2 पर किसी और कलर को लगाना है। आप चाहें तो एक बीच में लाइन खींचकर साइड में दूसरे कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। साथ में एक पतली स्टिक की मदद से जिक जैक पैटर्न क्रिएट कर सकती हैं। इस तरीके से आप घर पर ही नेल आर्ट कर सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक आपको मिलेगा ड्रेसिंग टिप्स अपनाने से

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाएं जरूरी टिप्स, स्टाइलिश और मिनिमल लुक पाइए

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो खास टिप्स जान लीजिए-



### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज में सस्पेंडर,बेसबॉल कैप,स्कार्फ,बेल्ट,जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस को पहचान लीजिए।




### ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था।

ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।